हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## हरिभूमि की खबर पर मुहर...


16 नहीं, 35 काले हिरणों की मौत!
जंगल सफारी में मौत का तांडव, अफसर बोले- करेंगे जांच

# जंगल सफारी में नौ माह में 38 वन्यप्राणियों की मौत, टीबी की जांच के लिए पुणे गए सैंपल, जांच रिपोर्ट अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जंगल सफारी में काले हिरणों की मौत की हरिभूमि में प्रकाशित खबर से हड़कंप मचा हुआ है। सफारी के डायरेक्टर एवं डीएफओ ने इस संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सफारी में जनवरी से सितंबर, 2024 तक नौ माह में 38 वन्य प्राणियों की मृत्यु हुई है। डीएफओ ने स्वीकार किया है कि हिरणों की मौत टीबी से होने की आशंका थी। जांच के लिए सेंपल लेकर पुणे भेजे गए हैं। उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हुई है। डीएफओ के मुताबिक काले हिरणों की मृत्यु विभिन्न कारणों से हुई है। माह जून से सिंतबर ▶▶शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

- जंगल सफारी के डायरेक्ट ने कहा, एक साथ नहीं, अलग-अलग समय पर हुई हैं हिरणों की मौतें
- टीबी से मरने की आशंका थी जांच के लिए पुणे सैंपल भेजे अब तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई


जंगल सफारी में चौसिंगा के बाद 16 काले हिरणों की मौत, कानन पेंडारी से मंगाकर छिपाया मामला

### कानन पेंडारी के चिकित्सकों से सलाह

काले हिरण के विसरा की जांच के सेंपल को उच्च स्तरीय रोग अनुसंधान प्रयोगशाला पुणे भेजा गया था। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार काले हिरण में टीबी के संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। कानन पेंडारी के वरिष्ठ वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन से नियमित सलाह ली जा रही है। उन्होंने जंगल सफारी का दौरा कर आवश्यक सलाह दिया है। वहीं सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ साईंस के सहायक प्रोफेसर की भी सलाह ली जा रही है। उन्होने बताया कि इस वर्ष 44 चीतलों का स्स्थनांतरण अचानक मार टायगर रिजर्व बिलासपुर में किया गया है।

### टीबी के लक्षण थे, इलाज भी किया

प्राणियों की मृत्यु के प्रकरणों में टीबी के लक्षण दिखने पर उन्हें अलग कर इलाज की व्यवस्था की गई। संक्रमण की आशंका में वन्य प्राणियों का परीक्षण कर पिछले तीन माह में सभी वन्य प्राणियों को नियमित रूप से उनके भोजन और रोग प्रतिरोधक दवाएं दी जा रही हैं। खुर एवं मुंह रोग की पुष्टि होने पर टीकाकरण भी कराया जा रहा है।



### वर्षवार मृत्यु की संख्या

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में सफारी में कुल 324 वन्य प्राणी थे, इस वर्ष मौत की संख्या 31 थी। वर्ष 2022-23 में कुल वन्य प्राणियों की संख्या 368 एवं मृत्यु की संख्या 42 रही। वर्ष 2023-24 में कुल 412 वन्य प्राणियों में से 37 को मृत्यु हुई। तथा वर्तमान में 441 वन्य प्रणियों मृत्यु की संख्या 26 औश्र कलेण्डर वर्ष 2024 में 38 वन्य प्राणियों की मृत्यु हुई।

## खबर संक्षेप



### निर्माणाधीन मकान में जुआ खेलते धरे गए 7 जुआरी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर पुलिस ने 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सभी एक मकान में ताशपत्ती पर बड़ा दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-1 स्थित शिव मंदिर के पीछे निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने वहां छापा मारा। इस दौरान मकान से 7 जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से साढ़े 12 सौ रुपए, ताशपत्ती के अलावा 6 मोबाइल एवं 4 बाइक जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में तुषार राव निवासी पारस नगर गंज, शेख जाकिर मोहम्मद निवासी विजय नगर भनपुरी, लालू एक्वा निवासी विज्ञान केंद्र पंडरी, मोहम्मद बशीर निवासी पंडरी, सौरभ यादव निवासी पारस नगर, महबूब आलम एवं मो. जाकिर शामिल हैं।

### 75 पौवा देशी शराब जब्त 2 कोचिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने आबकारी एक्ट मामले में दो कोचियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 24 सितंबर को दोपहर में गुढ़ियारी क्षेत्र के कोटा रोड मैदान नाला के पास एवं देव कांप्लेक्स के पीछे खंडहर कलिंग नगर से रूपेश कुमार मेहर लहरी एवं तरून कुमार के कब्जे से कुल 75 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 8250 रुपए आंकी गई है। दोनों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 500 ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 सौ ई-रिक्शा वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस ने अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत मंगलवार को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों पर सुगम यातायात में व्यावधान उत्पन्न कर बीच रोड में वाहन खड़े कर सवारी उतारने-चढ़ाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़े करने, सिग्नल में रेड लाइट जम्प करने के प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है।

### खुले घर में घुसकर 55 हजार की चोरी

**रायपुर।** मोवा पुलिस ने घर में चोरी के एक मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। देवेंद्र नगर मोवा निवासी देवेंद्र वर्मा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। चोरी 17 सितंबर से 22 सितंबर के बीच में हुई। अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के घर के खुला दरवाजे से अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवरात की कीमत 55 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मरीन ड्राइव में लगातार वारदात से शहरवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता

# रायपुर में नशेड़ियों के 35 से ज्यादा अड्डे, सूने तालाब पसंदीदा स्पॉट, जांच-पड़ताल ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में नशेड़ियों के ऐसे 35 से ज्यादा स्पॉट ऐसे हैं, जहां कदम रखना मतलब जान को खतरा है। ये सभी स्पॉट पुलिस की सूची में भी शामिल हैं। इनमें मरीन ड्राइव भी शामिल है। मरीन ड्राइव में 50 रुपए के लिए एक युवक की हत्या के बाद से शहरवासियों में नशेड़ियों का खौफ देखा जा रहा है, जिसके कारण अब लोग रात के समय में ऐसे इलाकों से गुजरने में भी डरने लगे हैं, जहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर पुलिस नशा पर अंकुश लगाने के लिए निजात अभियान चलाया रही है। इसके तहत अवैध एवं प्रतिबंधित नशा का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, वहीं नशे के विरुद्ध लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के बाद भी शहर में नशा करने वालों की तादात कम होने के बजाए और बढ़ रही है। यही कारण है कि शहर में नशेड़ियों के स्पॉट कम होने के बजाए बढ़ रहे हैं। इन स्पॉट में दिन ढलने के बाद देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसके कारण उन स्पॉट से आवागमन करने वालों पर जान का खतरा मंडराता रहता है।





### पुलिस लिस्ट में नशेड़ियों के अड्डे

पुलिस लिस्ट में शामिल नशेड़ियों के स्पॉट में गुढ़ियारी, रामनगर, कमल विहार, ट्रांसपोर्ट नगर टाटीबंध, भाठागांव, न्यू बस स्टैंड, नहरपारा, शंकरनगर, पंडरी, मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, कुकुर बेड़ा आमानाका, कबीर नगर, संतोषी नगर, सुंदरनगर, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, शास्त्री मार्केट, कोटा, गुढ़ियारी खालबाड़ा, रामनगर, पचपेड़ी नाका, सरोना, बैरंग बाजार, मौदहापारा, रेलवे स्टेशन, चंगोराभाठा, रायपुरा, संतोषीनगर, टिकरापारा, मठपुरैना, महाराजबंध तालाब रोड, आमापारा, टैगोर नगर सहित अन्य कई इलाके हैं। इन इलाकों में बदमाशों ने नशे के लिए खास स्पॉट बना रखे हैं। यहां शराबखोरी भी होती है और सूखा नशा भी।

### तालाबों के पास भी नशेड़ियों का जमावड़ा

शहर में ऐसे कई तालाब हैं, जहां हर रात के समय में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इनमें शीतला मंदिर तालाब आमापारा, बूढ़ातालाब में डिग्री गर्ल्स कॉलेज के पीछे, नरैया तालाब सिद्धार्थ चौक, सरजूबांध तालाब आरडीए कालोनी, महाराजबंध टिकरापारा, डगनिया रोहणीपुरम तालाब, बंधवा तालाब सहित अन्य कई तालाब हैं, जिनमें कुछ में रात होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है।

### मरीन ड्राइव में रात्रि गश्त में लापरवाही

पुलिस की लिस्ट में मरीन ड्राइव भी शामिल है। एक हफ्ते में मरीन ड्राइव में हत्या की दो वारदातें हो चुकी हैं। इसके पूर्व यहां लूटपाट, चाकूबाजी की कई वारदातें हो चुकी हैं, बावजूद पुलिस द्वारा इस क्षेत्र में रात्रि गश्त करने में लापरवाही बरती जा रही है।

### तय स्पॉट इलाकों में भी गश्त करने में बरती जा रही लापरवाही

रायपुर पुलिस ने शहर में नशेड़ियों के स्पॉट की लिस्ट बनाई हुई है। जिन जगहों पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है, उनका सर्वे कराया गया है। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही यह लिस्ट बनाई गई है। पुलिस ने यह लिस्ट इसलिए बनाई है, ताकि इन क्षेत्रों में निजात के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने के साथ इन इलाकों में अपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके। इसके तहत इन इलाकों में रात में गश्त भी बढ़ाई गई है, लेकिन गश्त में अब भारी लापरवाही बरती जा रही है। इसके कारण शहर में अब मरीन ड्राइव में लूटपाट के इरादे से हुई हत्या जैसे मामले भी बढ़ रहे हैं।

# स्कूली बच्चों के दो ग्रुप में चाकूबाजी, 3 घायल, 2 हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रियदर्शिनी नगर में संचालित एक निजी हाईस्कूल के 11वीं कक्षा के दो छात्रों के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि एक छात्र ने अपने मोहल्ले के कुछ लड़कों को चाकू लेकर स्कूल के बाहर बुला लिया और जिसके साथ विवाद था, उस छात्र पर हमला कर दिया। इस हमले में छात्र के साथ बीच-बचाव करने वाले स्कूल के अन्य दो छात्रों को भी चाकू लगा है। इस तरह इस चाकूबाजी में 3 छात्र घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने चाकू मारने वाले दो लड़कों को हिरासत में लिया है।

- घटना के बाद घायल तीनों छात्रों को उपचार के लिए भेजा गया अस्पताल

न्यू राजेंद्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर प्रियदर्शिनी नगर स्थित एक निजी हाईस्कूल के दो छात्रों के बीच आपसी विवाद चाकूबाजी की घटना में तब्दील हो गया। बताया गया कि दोनों छात्र कक्षा 11वीं के हैं। इन दोनों के बीच पुरानी किसी बात पर रंजिश थी। इसी रंजिश के कारण दोनों के बीच दोपहर में फिर विवाद हो गया। इस बार विवाद इतना बढ़ गया कि एक छात्र ने अपने मोहल्ले के कुछ नाबालिग लड़कों को चाकू लेकर स्कूल के बाहर बुला लिया। जिस छात्र के साथ उसका विवाद था, वह भी उस समय अपने स्कूल के अन्य दो दोस्तों के साथ स्कूल के बाहर ही घूम रहा था। इस दौरान चाकू लेकर पहुंचे लड़कों ने आरोपी छात्र के साथ मिलकर बाहर घूम रहे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले के दौरान छात्र को बचाने का प्रयास कर रहे उसके अन्य दो साथी को भी चाकू के वार लगे हैं, जिससे उन्हें भी जख्म आए हैं। इधर घटना के बाद घायल तीनों छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं चाकू मारने वाले आरोपी छात्र सहित 2 लड़कों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के दो साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रोजेक्ट

# एक मिनट में मिलेगा पांच लीटर पानी, 24 घंटे आपूर्ति अगले माह से संभव, काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के 15 वार्ड के डेढ़ लाख रहवासियों को अब नलों से 24 घंटे पानी मिलने लगेगा। प्रत्येक नल से प्रति मिनट 5 लीटर पानी की सप्लाई होगी। शहरी घनी आबादी को 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए संचालित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की इस योजना का काम अंतिम चरण पर है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का दावा है कि अक्टूबर के अंत तक संबंधित वार्डों में 24 घंटे पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

- 15 वार्ड की डेढ़ लाख आबादी को मिलेगा फायदा

शहरी घनी आबादी को 24 घंटे जलापूर्ति के लिए संचालित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजना अब अंतिम चरण पर है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने इस परियोजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन की कमिशनिंग व टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया है। अक्टूबर अंत तक रायपुर स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया के 27 हजार घरों तक 24 घंटे पानी



की आपूर्ति होगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने बताया, पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत 24 घंटे जल आपूर्ति परियोजना की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। शुरुआती सर्वेक्षण में 25 हजार घरों को इसके लिए चिन्हित किया गया था। गहन सर्वेक्षण के बाद अब 27 हजार घरों को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। जलापूर्ति की रीडिंग के लिए स्वचालित मीटर रीडर उपयोग में लाए जाएंगे। प्रोजेक्ट के शुरू होने से जहां अवैध नल कनेक्शन पर अंकुश लगेगा, वहीं मितव्ययता के साथ घरों में 24 घंटे पानी की सुविधा सुलभ होगी।

### मोतीबाग और गंज पानी टंकी को बनाया कमांड एरिया

कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन ने शहर की मोतीबाग की नई पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर इससे कनेक्ट 15 वार्डों में 160 किलोमीटर दायरे की पाइप लाइन बिछाई है। अनुबंधित एजेंसी को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस प्रोजेक्ट के लिए 130 करोड़ रुपए में ठेका दिया है। इसमें 5 साल तक प्रोजेक्ट की देखरेख और संचालन ठेका कंपनी अपने खर्च पर करेगी।

## लोक निर्माण विभाग में थोक में तबादले

# कार्य में लापरवाही, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर सस्पेंड, 32 का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोक निर्माण विभाग द्वारा मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गई। राजनांदगांव के अभियंता को निलंबित करने के साथ ही 32 का तबादला किया गया है। इनमें से अधिकतर को राजधानी रायपुर, दुर्ग जैसे बड़े शहरों से सुकमा, बीजापुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भेजा गया है। इनमें प्रमुख, मुख्य और सहायक अभियंता व उप अभियंता शामिल हैं।

शासन ने कार्य में लापरवाही के कारण राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता एके चौहान को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें रायपुर मुख्यालय अटैच किया गया है। उन पर काम में लापरवाही के साथ शिथिलता का आरोप लगाया गया है।

**बैठक में थे अनुपस्थित :** निलंबित इंजीनियरि एके चौहान समीक्षा बैठक से नदारत थे। प्रभारी मंत्री द्वारा समस्त विभागों की समीक्षा



### आधे बस्तर भेजे गए

स्थानांतरित किए गए अफसरों में आधे को बस्तर, सुकमा जैसे इलाकों में भेजा गया है। अरसे से जमे अफसरों को मैदानी इलाकों से हटाया गया है। अंदरुनी इलाकों में पदस्थ अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ किया गया है।

बैठक आयोजित की गई थी। बगैर सूचना बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उन पर यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी के कई अधिकारियों के कामकाज को लेकर नाराजगी की स्थिति लंबे समय से बनी हुई थी। कई के कामकाज को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे थे। इसके बाद बड़ी संख्या में ये तबादले किए गए हैं।

# इतिहास में पहली बार सोना 77 हजारी धनतेरस तक दाम 80 हजार होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार सोना अब 77 हजार रुपए हो गया है। इसके पहले भी सोना 77 हजार के करीब पहुंचा था, लेकिन कीमत 77 तक नहीं पहुंची थी, लेकिन अब कीमत 77 हजार के पार हो गई है और इस बार धनतेरस तक कीमत के 80 हजार तक जाने की संभावना है। इधर चांदी लखपति बनने की तैयारी में है।

- बीते साल धनतेरस पर 63 हजार था सोना, अभी 77 हजार 150 रुपए

इस साल तो सोना जहां अब तक 9 माह से भी कम समय में 11 हजार रुपए तक महंगा हुआ है, वहीं चांदी के दाम 16 हजार तक बढ़े हैं। वैसे चांदी की कीमत इस साल 22 हजार तक बढ़ चुकी है, लेकिन कीमत एक बार कम होने के बाद अब वापस बढ़ने लगी है। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25



करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है।

### चांदी की कीमत एक लाख जाने की संभावना

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो इस समय 91 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और कीमत बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। लेकिन वापस अब कीमत बढ़ते-बढ़ते 90 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक ▶▶शेष पेज 13 पर

### पौने दो साल में 27 हजार महंगा हुआ सोना

बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब पौने दो साल में सोने की कीमत 27 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 77 हजार 150 रुपए हो गया है, यानी कीमत में 50 फीसदी से भी ज्यादा का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी, जो इस समय 77150 हो गई है। वैसे इसके पहले सोना दो बार 76 हजार के पार जाकर 77 हजार के करीब पहुंचा है, लेकिन यह 77 ▶▶शेष पेज 13 पर

# रात को बारिश, फिर भी कम नहीं हुई उमस की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के लोग पिछले कुछ समय से उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। सोम-मंगल की दरम्यानी रात शहर में हल्की बारिश तो हुई, मगर सुबह इससे राहत नहीं मिली और लोग दिनभर चिपचिपी गर्मी से परेशान होते रहे। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की



संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी वापसी के लिए गति पकड़ चुका है। राजस्थान, गुजरात और पंजाब के कुछ भाग के साथ हरियाणा से इसकी विदाई घोषित कर दी गई है, मगर प्रदेश में मानसूनी गतिविधि पर अभी विराम नहीं लगा है। यहां छिटपुट बारिश का दौर चल रहा है। मंगलवार को दिन में बिलासपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा इलाके में बारिश हुई। शहर में बादल तो छाए रहे, मगर वह बरस नहीं पाए और वातवरण ▶▶शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**



## अनुकंपा नियुक्ति के लिए एसएसपी से की भेंट

**रायपुर।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी माधुरी चंद्रा, अरुंधती शर्मा, प्रमोद चौबे, ज्योति व अन्य सदस्यों ने रायपुर एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने आवेदन सौंपकर लंबित अनुकंपा नियुक्ति की मांग की ओर ध्यान आकर्षित कराया और योग्यता अनुसार समस्या के निराकरण की बात रखते हुए आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्षा माधुरी मृगे ने कहा कि भाजपा सरकार पर पूर्ण विश्वास है। इसी विश्वास के साथ ही दो दिनों पहले मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और वित्त मंत्री से अनुकंपा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने निवेदन भी किया।

## पदाधिकारी बनाने के लिए कांग्रेस को कार्यकर्ता तक नहीं मिल रहे : अनुराग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस आज राजनीतिक तौर पर इतनी कंगाल नजर आ रही है कि पदाधिकारी बनाने के लिए उसे कार्यकर्ता तक नहीं मिल रहे हैं। विधानसभा व लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की इस राजनीतिक दुर्दशा के कारण ही बार-बार घोषणा के बाद भी पदाधिकारियों की सूची जारी नहीं की जा सकी है। श्री अग्रवाल ने कहा, आज अंदरूनी कलह के चलत मचे घमासान ने कांग्रेस को कई टुकड़ों में बांट दिया है।

# हाईवे पर तेंदुआ, धरसींवा-तिल्दा इलाके में आया नजर, राहगीरों ने बनाया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से महज 27 किमी. दूर तिल्दा ब्लॉक के कुथरेल गांव में तेंदुआ देखे जाने के बाद दहशत फैल गई है। सूचना पर वन विभाग ने आसपास अलर्ट जारी कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। तेंदुआ पिछले तीन दिन से सिमगा, धरसींवा और तिल्दा इलाके में मंडरा रहा है।


कुथरेल के मेनरोड ओवरब्रिज के नीचे गुर्राते बैठे तेंदुआ का कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो ब्रिज के आसपास से गुजरने वालों ने अपने मोबाइल पर बनाया है। मंगलवार को तेंदुए की मौजूदगी की सूचना वन विभाग को दी गई, जिसके बाद आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया गया और वन अमला विभिन्न संसाधनों के साथ उसकी तलाश में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार, तेंदुआ पिछले तीन दिन से आसपास के गांवों में घूमते देखा गया है, जिसके बाद वन विभाग के अमले की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि आसपास के गांवों में काफी घनी झाड़ियां हैं, जो तेंदुए के छिपने के लिए सुरक्षित जगह बन सकती हैं। आसपास के ग्रामीणों को कहा गया है कि वे रात में घर से बाहर निकलने के दौरान सावधानी बरतें और सुनसान इलाके में अकेले जाने से बचें। सूत्रों ने बताया कि मेनरोड पर बैठा दिखा तेंदुआ कुछ देर बाद चला गया, पर इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता कि वह आसपास के इलाके में भी मौजूद होगा।

## कुथरेल मेनरोड पर ओवरब्रिज के नीचे बैठा दिखा, राहगीरों में दहशत

### भूखा होने पर खतरनाक

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, कोई भी जंगली जानवर भूखा होने पर ही सामने वाले पर हमला करता है। तेंदुआ अगर तीन दिन से आसपास भटक रहा है तो उसने किसी जानवर का शिकार किया होगा। अगर ऐसा नहीं है तो वह भूखा होने पर हिंसक हो सकता है। बस्ती में घूमने के दौरान वह किसी मवेशी अथवा किसी इंसान पर हमला कर सकता है।



### वर्षों पहले टिंबर मार्केट में आया था तेंदुआ

राजधानी के टिंबर मार्केट में आठ से दस साल पहले एक तेंदुए ने काफी हड़कंप मचाया गया था। वन विभाग के अमले ने काफी कोशिश के बाद उसे पिंजरे में कैद किया था। उस दौरान यह माना गया था कि किसी मालगाड़ी में जंगली क्षेत्र से वह भोजन की तलाश में चढ़ा होगा और डब्लूआरएस तक पहुंच गया होगा। इसके बाद वहां से निकलकर वह टिंबर मार्केट तक पहुंच गया।

### हर बूथ में एक ही दिन में 100-100 सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य

# आज एक ही दिन में बूथों में 11 लाख सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य, सीएम बगिया में रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान के पहले चरण में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथों पर बड़ा फोकस किया है। बूथों के माध्यम से ही भाजपा ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। ऐसे में बूथों के लिए 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन अब एक ही दिन में 11 लाख सदस्य बनाने का नया लक्ष्य राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर तय किया गया है। इसके लिए भी बूथों को चुना गया है। बूथों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर सभी बड़े नेताओं को झोंका जा रहा है। हर नेता को बूथ में सौ सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा के बगिया बूथ में रहेंगे और वे सौ सदस्य बनाने का काम करेंगे।

**पहला चरण अब दो अक्टूबर तक चलेगा बूथों में**



मुख्यमंत्री श्री साय एक दिन पहले ही मंगलवार को रायपुर से बगिया चले गए हैं।

प्रदेश के जो भी बड़े नेता बूथों तक जाएंगे सभी को सौ-सौ सदस्य बनाने हैं। प्रदेश में 25 हजार बूथ हैं ऐसे में 25 लाख सदस्य हो जाते हैं। लेकिन बूथों में पहले से ही अभियान चल रहा और कई बूथों में कम मतदाता है, यही वजह है कि लक्ष्य 25 लाख न रखते हुए 11 लाख रखा गया है। इससे ज्यादा सदस्य भी बन सकते हैं। सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया पहले सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक था, लेकिन अब इसको बढ़ाकर दो अक्टूबर तक कर दिया गया है। इस दिन तक बूथों में सदस्यता अभियान चलेगा। इसके बाद 16 अक्टूबर तक अलग-अलग वर्गों और समाज के लोगों से मिलकर सदस्य बनाए जाएंगे।

### बूथों में जाने वालों को बनाने हैं सौ सदस्य

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा के आसना में सदस्य बनाने का काम करेंगे। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव लोरमी के तुलसाघाट और विजय शर्मा कवर्धा के एक बूथ में मौजूद रहेंगे। मंत्री रामविचार नेताम लूरगी फतेहपुर बूथ में, दयालदास बघेल नौदल, ओपी चौधरी कोड़ातराई के बूथ 159, लक्ष्मीराजवाड़े मरीप, लखनलाल देवांगन कोरबा के बूथ 183, टंकराम वर्मा बलौदाबाजार ग्रामीण के बूथ 139, सरोज पांडेय दुर्ग शहर के बूथ 173, लता उसेंडी कोंडागांव के मसोरा बूथ, पवन साय भनपुरी के प्रगति नगर बूथ, संजय श्रीवास्तव शंकर नगर के बूथ 70, सांसद विजय बघेल पाटन के पतोरा बूथ, सदस्यता अभियान समिकि के संयोजक अनुराग सिंहदेव रायपुर उत्तर के एक बूथ में, रूपकुमारी चौधरी बीजराभाठा बूथ, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा धमतरी शहर के बूथ 171 में रहेंगे। इसी तरह से सभी सांसद, विधायक, प्रदेश के और जिलों के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में रहेंगे। जो भी नेता बूथों में जाएंगे उनको वहां पर सौ सदस्य बनाने हैं। इसी के साथ उनको वहां पर सात से आठ घंटों तक रहना है और वहां पर लोगों से मिलना-जुलना भी होगा। इसी के साथ दोपहर का भोजन भी बूथ में करना होगा।

# छत्तीसगढ़ की नई धान उपार्जन नीति बनाने की तैयारी, कैबिनेट की मंजूरी के बाद होगी लागू

- धान खरीदी का नया लक्ष्य हो सकता है तय
- ऑपरेटरों की हड़ताल से सोसाइटियां ऑफलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई धान उपार्जन नीति बनाने की तैयारी चल रही है। बताया गया है कि नीति का प्रारूप तैयार होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) के समक्ष पेश किया जाएगा। प्रस्तावित नीति को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद इस खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए लागू किया जाएगा। संभावना है कि इस साल धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ाया जा सकता है। इससे पहले राज्यभर में प्राथमिक सहकारी सोसाइटियों के डाटा एंट्री ऑपरेटर अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, इसकी वजह से सोसाइटियां ऑफलाइन हो गईं हैं।

### हर साल तैयार होती है नीति

छत्तीसगढ़ में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य सरकार हर साल धान उपार्जन नीति तैयार करती है। राज्य में धान की उपज के आकलन के हिसाब से धान की खरीदी का लक्ष्य किया जाता है। धान के साथ ही मक्का की खरीदी की नीति भी इसी नीति में शामिल होकी है क्योंकि धान और मक्का की खरीदी लगभग एक साथ शुरु की जाती है। धान उपार्जन नीति में खरीदी से संबंधित सभी बिंदुओं का समावेश करके नीति को अंतिम रूप दिया जाता है।

### नई नीति में शामिल होंगे ये बिंदु

राज्य में धान खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही उपार्जन नीति में इन बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। धान एवं मक्का का समर्थन मूल्य, उपार्जन की समयावधि, प्रति एकड़ खरीदी का निर्धारण, उपार्जन एजेंसी, उपार्जन की अनुमानित मात्रा, साख सीमा की व्यवस्था, उपार्जन की प्रक्रिया, बायोमैट्रिक प्रणाली के आधार पर खरीदी की व्यवस्था, बारदानों की व्यवस्था, उपार्जन की आरंभिक व्यवस्था, धान की गुणवत्ता का निर्धारण, भुगतान की व्यवस्था, समितियों को इनसेंटिव, भंडारण की व्यवस्था, धान परिवहन की व्यवस्था, हानि एवं प्रतिपूर्ति एवं समितियों का कमीशन, प्रासंगिक व्यय, खरीदे गए धान की सुरक्षा एवं बीमा।

### सोसाइटियां हो गई हैं ऑफलाइन

छत्तीसगढ़ में जहां एक तरफ राज्य सरकार हजारों करोड़ रुपयों के धान की खरीदी की तैयारी में लगी है, वहीं दूसरी ओर राज्यभर की दो हजार से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 2 हजार 739 डाटा एंट्री ऑपरेटर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 18 सितंबर से हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल से सोसाइटियों द्वारा किया जाने वाला सारा ऑनलाइन कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। लिहाजा सोसाइटियां फिलहाल ऑफलाइन हो गई हैं। सोसाइटियों के ऑपरेटरों के संगठन का कहना है कि ऑपरेटर 17 साल से काम कर रहे हैं, सभी ऑपरेटरों को नियमित किया जाए। इसके साथ ही संविदा दर में 27 प्रतिशत वृद्धि कर 23 हजार 350 रुपए मासिक मानदेय दिया जाए। इस हड़ताल से सोसायटियों के माध्यम से किए जाने वाले सभी ऑनलाइन काम बंद हो गए हैं। धान उत्पादक नए किसानों का पंजीयन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण काम नहीं हो पा रहे हैं।

# झारखंड में मुख्यमंत्री साय का रोड शो आज, दो सभाएं भी

### थोक में प्रदेश के मंत्रियों और नेताओं को मिली है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झारखंड में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दूसरे राज्यों के नेताओं को चुनावी समर में झोंकने का फैसला कर लिया है। छत्तीसगढ़ के भी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों के साथ प्रदेश भाजपा के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी बुधवार को झारखंड के दौरे पर जा रहा हैं। वहां पर उनका एक रोड शो होगा। इसी के साथ वे दो परिवर्तन यात्राओं की सभाओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर कलस्टर प्रभारी बनाया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का फोकस इस बार झारखंड पर है। भाजपा की रणनीति इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 81 में से 51 विधानसभाओं में जीत मिली थी, ऐसे में भाजपा की तैयारी इस बार विधानसभा के चुनाव में बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाने की है। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के भी नेताओं को झारखंड का जिम्मा दिया गया है।

### साय आज छह घंटे रहेंगे झारखंड में

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को खासकर खारखंड में ज्यादातर सभाएं और रोड शो करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय संगठन ने दी है। झारखंड आदिवासी बाहुल्य है। ऐसे में श्री साय की भूमिका अहम रहेगी। श्री साय बुधवार को बगिया में भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होने के बाद वहां 11 बजे झारखंड जाएंगे। वे वहां पर शाम को पांच बजे तक रहेंगे। इस बीच सबसे पहले 11.30 बजे सिमडेगा में परिवर्तन यात्रा की सभा में शामिल होंगे। इसके बाद उनका सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर, बोलवा और केरसई में 1.00 से 4.00 बजे तक रोड शो होगा। अंत में 4.00 से 5.00 तक वे कुरेडग की परिवर्तन यात्रा में सभा करेंगे।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग को आज मिल सकती है सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट

### अब ब्योरा पोर्टल पर अपडेट करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा के लिए राज्य में ओबीसी का सर्वे काम एक महीने की तय अवधि में पूरा नहीं हो पाने के बाद आयोग ने राज्य के सभी कलेक्टरों से अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। आयोग को यह रिपोर्ट 25 नवंबर तक मिलनी है। इस बीच आयोग ने अब सभी कलेक्टरों से कहा है कि पिछड़े वर्गों के सर्वे का जो काम अब तक हुआ है, उसकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें। इस काम के लिए चिप्स ने एक नया पोर्टल तैयार किया है। आयोग के सचिव हिमांचल साहू ने इस संबंध में राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए वार्डवार पिछड़ा वर्ग परिवार एवं सदस्यों की संख्या की जानकारी एकत्रित करने के लिए चिप्स द्वारा पोर्टल का निर्माण किया गया है। राज्य स्तर पर सभी कलेक्टर के लिए लॉग इन व आईडी पासवर्ड बनाए गए हैं।



### इसलिए मांगी गई थी अंतरिम रिपोर्ट

इससे पहले आयोग ने जब राज्य के कलेक्टरों से अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी तब कहा गया था कि चूंकि अभी सभी जिलों में सर्वेक्षण का काम चल रहा है लेकिन स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होनी है। आयोग को अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में अनुशंसा देनी है। इस काम के लिए आंकड़ो की तत्काल आवश्यकता है। खास बात ये है कि नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है। आयोग को पिछड़ा वर्ग की सामाजिक,आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन, सर्वेक्षण कर सात बिंदुओं में अनुशंसा करनी है। इस में सातवें नंबर का बिंदु छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय नों के निर्वाचन में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में है।

### गिरौदपुरी धाम का दर्शन कर कांग्रेस विधायक और पदाधिकारियो से की चर्चा

# बैज ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के रूट का निरीक्षण कर तैयारी को दिया अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज 27 सितंबर से पदयात्रा शुरू करने जा रहे हैं। यात्रा के रूट और तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए वे रायपुर से गिरौदपुरी के लिए पहुंचे। गिरौदपुरी धाम का दर्शन कर पद यात्रा के रूट निरीक्षण की शुरुआत हुई। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ न्याय यात्रा के मार्ग का निरीक्षण कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। 27 सितंबर को छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरौदपुरी धाम से शुरू होगी। तक़रीबन 125 किमी की यात्रा तय कर छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा रायपुर पहुंचेगी।

मंगलवार को गिरौदपुरी से दीपक बैज ने पदयात्रा के उन स्थानों पर गए वहां पर रुकने और



अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा की। यात्रा में जिन पांच स्थानों पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है, वहां पर पदयात्रा में शामिल लोगों के लिए मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। रूट चार्ट मुख्य मार्ग के बजाय ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरने पर यात्रा में शामिल कांग्रेस पदाधिकारियों के अलावा ग्रामीणों को भी इसमें शामिल करने पर भी से चर्चा हुई।पदयात्रा के जिन रूटों का अवलोकन उनमें आमदी, कसडोल, रोहांशी, विद्या भारती माध्यमिक विद्यालय भैंसा, सारागांव, सड्डू होते हुए रायपुर वापस आए। श्री बैज ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ न्याय यात्रा के मार्ग का निरीक्षण कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। इस दौरान उनके साथ विधायक संदीप साहू, कविता प्राण लहरे, शेषराज हरबंश, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश प्रवक्ता शुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री दीपक मिश्रा, सुबोध हरितवाल, महेंद्र छाबड़ा, सुरेन्द्र शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, शिव सिंह ठाकुर, सुनील माहेश्वरी, प्रेम चंद जायसी, अशोक राज आहूजा, उद्योराम वर्मा, पप्पू बंजारे, सहित सेवादल प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

## बिजनेसगढ़ के द्वारा डी2सी मीटअप का आयोजन

**रायपुर।** बिजनेसगढ़ ने होटल ग्रैंड राजपूताना, रायपुर में एक डी2सी (डायरेक्ट टू कंज्यूमर) मीटअप का आयोजन किया, जिसमें 25 से अधिक उद्यमी और बिजनेस के शौकीन शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर, रायगढ़, राजनांदगांव और दुर्ग जैसे शहरों से लोग पहुंचे थे। मीटअप का उद्देश्य था, प्रतिभागियों को D2C बिजनेस के बारे में सिखाना और यह समझाना कि कैसे एक छोटी कंपनी को बड़ा ब्रांड बनाया जा सकता है। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंटमाइन के संस्थापक, हर्षवर्धन अग्रवाल जी ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने प्रिंटमाइन को सफलतापूर्वक स्थापित किया। बिजनेसगढ़ के को-फाउंडर, डॉ. डोमेन्द्र सिंह गंजीर ने अपने संबोधन में बताया कि भारत में 600 से भी अधिक डी2सी ब्रांड हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में गिनती के सिर्फ छह ब्रांड हैं।



## एस.आर.यू में अन्तर महाविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित अन्तर महाविद्यालयीन फुटबॉल (पु) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24.09.24 से 25.09.24 तक श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस के सिंह थे। विशिष्ठ अतिथी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा थे। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में श्री असीम कादरी मंडी महाविद्यालय रायपुर थे। मुख्य अतिथी डॉ. एस. के. सिंह ने खिलाडीयों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे प्रतियोगिता में टीम भावना से खेलने का आग्रह किया एवम खिलाडीयो को अग्रिम शुभकामनाएं दी।



## क्रेडाई के नेशनल कॉन्फ्रेंस 2024 का शुभारंभ सिडनी में

**रायपुर।** सिडनी, ऑस्ट्रेलियाः CREDAI (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) का 22वां नैशनल कॉन्फ्रेंस NATCON 2024, आज सिडनी में शुरू हुआ। इस बार की थीम है ELOVATE, INOVATE, INSPIRE, जो रियल एस्टेट सेक्टर में नवाचार और प्रेरणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चुनी गई है। इस आयोजन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो रियल एस्टेट और विकास की नई संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। CREDAI छत्तीसगढ़ से 25 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है। इस टीम का नेतृत्व श्री आनंद सिंघानिया कर रहे हैं, जिसमें विजय नाथानी, संजय रहेजा, रवि फतनानी, श्री रमेश राव, श्री संजय बघेल, राकेश पांडेय, सत्येंद्र अग्रवाल, संजना बघेल, सुनील चंद्राकर, संतोष लोहाना, विजय अग्रवाल, बृजेश साहू सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।



## डॉ. बीना गिडवानी विश्व के प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची में हुई शामिल

**रायपुर।** कैलिफ़ोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा एल्सेवियर आई सी एस आर लैब के माध्यम से विभिन्न मापदंडों व सूचकों को ध्यान में रखते हुए। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल क्वालिटी अस्स्युरेन्स की सह प्राध्यापक (एसोसिएट प्रोफेसर) डॉ. बीना गिडवानी ने प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है, जो ज्ञान को आगे बढ़ाने और संबंधित क्षेत्र के प्रति योगदान को रेखांकित करता है। विदित हो कि 2023 में भी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी सूची में डॉ बीना गिडवानी सम्मिलित थीं. डॉ. बीना गिडवानी ने डीएसटी-एसईआरबी, भारत सरकार, नई दिल्ली से डीएसटी एनपीएफ योजना के तहत पोस्ट-डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।



## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल कबीर नगर रायपुर में CBSE ईस्ट जोन जुडो चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज

**रायपुर।** चैंपियनशिप में चार राज्य उड़ीसा, असम, वेस्ट बंगाल और छत्तीसगढ़ के 70 स्कूल के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। 3 दिवसीय इस चैंपियनशिप का उद्घघाटन मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के प्रेसिडेंट श्री अरुण देदी जी लैंप लाइटिंग से की। इस कार्यक्रम में सीबीएसई ऑब्जर्वर श्रीमती दुर्गा साव, खेल आयोग प्रभारी श्री शेख शरीफ, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी श्रीमति किरण शर्मा, प्रेरणा एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष श्री प्रवीण चंद्राकर, श्रीमती भावना चंद्राकर एवं विद्यालय के चेयरमैन श्री विनय चंद्राकर, डायरेक्टर श्रीमती अपर्णा चंद्राकर, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती भवानी राव मैम, प्रिंसिपल श्री विनोद पांडे उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के प्रेसिडेंट श्री अरुण देदी जी ने कहा कि जूडो खेल विद्या से छात्रों में दक्षता एकाग्रता एवं भाईचारा विकसित होता है छात्रों का सर्वागीण विकास ही शिक्षा का उद्देश्य होता है।



## केनरा प्रीमियर लीग 2.0 अंतर अंचल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**रायपुर।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय, भोपाल में अंतर बैंक केनरा प्रीमियर लीग 2.0 के तहत क्रिकेट प्रतियागिता का आयोजन दिनांक 22.09.2024 को किया गया। यह प्रतियोगिता पूरे भारत में फैले बैंक के कार्मिकों में बैंकिंग कार्यों से परे खेलकूद को जीवन में आत्मसात करने के लिए बैंक की एक मुहिम है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के 7 क्षेत्रीय कार्यालयों क्रमशः भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर एवं बिलासपुर और 1 अंचल कार्यालय भोपाल की कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया।

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय की टीम रायपुर रॉयल्स ने सुपर नॉक आउट मैच में इंदौर की टीम को 29 रनों से हराया। फिर सेमीफाइनल में भोपाल लॉयन्स को 8 विकटों से मात दी।



**खबर संक्षेप**

## शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य अखंड ज्योति कलश



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में वेदमूर्ति पं. श्रीराम शर्मा द्वारा वर्ष 1926 से प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति तथा माता भगवती देवी शर्मा के 100 वर्ष 2026 को पूरे होने जा रहा हैं। इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी व्यापक प्रचार-प्रसार एवं युग निर्माण योजना की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य कलश यात्रा के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य ज्योति कलश को प्रज्ञाजनों द्वारा रायपुर में मंगलवार को लाया गया। रेलमार्ग में प्रज्ञाजनों द्वारा विभिन्न स्टेशनों में स्वागत किया गया। बिलासपुर प्रज्ञापीठ बुधवारी बाजार में तथा शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में भव्य पूजा-पाठ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदाशिव हथमल व्यवस्थापक ट्रस्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ प्रांत की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद के नेतृत्व में एमएस ठाकुर, रामसिंह ध्रुव, पवन साहू, यशवंत वर्मा, जितेंद्र धुरंधर, तिलेश्वरी धुरंधर, प्रेमलता चंद्राकर एवं डॉ. कृष्ण कुमार साहू हरिद्वार गए थे।

## शहर में बढ़ रहे अपराध के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** शहर में बढ़ रहे अपराध और सूखा नशे के विरोध में मंगलवार को छत्तीसगढ़ शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि बीते दिनों सूखे नशे के कारण शहर में 2 हत्याएं हो गईं और जगह-जगह लूटपाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है, जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में सूखे नशे का व्यापार कोतवाली थाना के अंतर्गत कालीबाड़ी में खूब फल-फूल रहा है। जिसे बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में थाने के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, नरेंद्र प्रजापति, गोविंदा साहू, देवराज साहू, आकाश सोनी, तरुण डाडेकर, भूपेंद्र साहू, किशन साहू एवं बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल थे।

## शैलेंद्र बने प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** विश्व हिंदू रक्षा संगठन के संरक्षक सुमित्रानंदन स्वामी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शैलेंद्र शुक्ला को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी नई दिल्ली के परामर्श के अनुसार छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। यह जानकारी विश्व हिंदू संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार किशोर कुमार ने देते हुए बताया कि शैलेंद्र शुक्ला छत्तीसगढ़ के एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।



**निधन**

## मूलशंकर पटेल

**रायपुर।** फाफाडीह टिंबर मार्केट निवासी मूलशंकर पटेल का 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दिवेश पटेल के पिता और जेठालाल पटेल के भाई थे।

# 7 प्रमुख मार्गों पर अब नजर नहीं आएंगे बिजली के खुले तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 7 प्रमुख मार्गों पर अब बिजली के तारों के गुच्छे नजर नहीं आएंगे। घनी आबादी के क्षेत्रों को बिजली के खुले तारों के गुच्छों से निजात दिलाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अपने अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट का काम पूरा कर लिया है। सीएसपीडीसीएल के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 7 प्रमुख मार्गों से ओव्हर हेड तारों को हटाकर अंडर ग्राउंड केबलिंग का कार्य किया है।

दरअसल, शहर के पुरानी बसाहट वाले इलाकों में स्ट्रीट पोल पर बिजली के खुले तारों के गुच्छों का घेरा होने से आए दिन इससे शार्ट सर्किट होने का खतरा बना रहता था। यही नहीं, इससे बिजली चोरी की शिकायतें आम बात रहीं। इसे देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पुरानी बसाहट के क्षेत्रों को चिन्हित कर 7 मार्गों में बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने का कार्य किया। अंडरग्राउंड केबलिंग का यह कार्य सीएसपीडीसीएल के सहयोग से किया गया। जिन क्षेत्रों में बिजली के तारों को भूमिगत किया गया है, उनमें बूढ़ापारा के बूढ़ेश्वर मंदिर से पुरानी बस्ती, लाखे नगर से आमापारा मार्ग और मालवीय रोड पर बिजली के तारों को भूमिगत किया गया है।

इसी तरह रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मालवीय रोड, ओसीएम चौक-मोतीबाग चौक की दरगाह, मालवीय रोड-जयस्तंभ-फाफाडीह, कालीबाड़ी-बिजली ऑफिस चौक और नगर निगम मुख्यालय मार्ग पर केबल अंडर ग्राउंड करने काम पूरा कराया है। रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा ने बताया कि अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य के पूरा होने से बिजली चोरी की शिकायतें दूर होंगी और ओव्हर हेड बिजली के तारों की वजह से होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

### सीएसपीडीसीएल के साथ मिलकर स्मार्ट सिटी ने पूरा किया प्रोजेक्ट



### 3 अन्य जगहों पर सीएसपीडीसीएल ने किया बिजली तारों को भूमिगत

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 3 अन्य लोकेशन पर बिजली के तारों को भूमिगत करने सीएसपीडीसीएल को 10 करोड़ में ठेका दिया। इनमें सिटी कोतवाली से नगर निगम , बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ वाला मार्ग जीई रोड में वंदना आटो से लाखे नगर चौक मार्ग शामिल है।

## दूसरे अस्पतालों में प्राइवेट एंबुलेंस वालों का कब्जा

# सरकारी संस्थानों तक सिमटी मुक्ताजंलि सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डायल 1099 के माध्यम से मिलने वाली निशुल्क मुक्ताजंलि शव वाहन की सुविधा अब तक सरकारी अस्पतालों से बाहर नहीं आ सकी है। इसका लाभ निजी अस्पतालों में कब्जा जमाने वाले निजी एबुंलेंस वाले उठाते हैं और दुखी परिजनों से मनमाना किराया वसूली करते हैं। योजना का विस्तार प्राइवेट अस्पतालों तक करने की योजना काफी समय पहले बनाई गई थी, मगर बाद यह में प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों से शव घर तक पहुंचाने के लिए निशुल्क शव वाहन (मुक्ताजंलि) की सुविधा आम लोगों को उपलब्ध कराती है। टोल फ्री नंबर 1099 के जरिए इस सेवा को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए की व्यवस्था की गई। इसका फायदा भी बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है, मगर योजना मुख्यतः शासकीय अस्पतालों तक सीमित है। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल अथवा किसी अन्य शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाली मृत्यु के बाद शव को घर तक पहुंचाने के लिए सूचना पर मुक्ताजंलि सेवा उपलब्ध हो जाती है, मगर निजी अस्पतालों में ऐसी दुखद घटनाओं का शिकार होने वाले परिजनों को निजी एंबुलेंस के भरोसे रहना पड़ता है और मजबूरी में उन्हें निजी शव वाहन के बदले मांगा गया मनमाना किराया भी चुकाना पड़ता है। शासन द्वारा काफी समय पहले इस योजना का विस्तार निजी अस्पतालों तक करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए सेवा शर्तों में भी बदलाव किए जाने पर विचार किया जा रहा था। समय बीतने के बाद इस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और निजी अस्पताल में जान गंवाने वाले मरीजों के परिजनों को निजी शव वाहन पर ही निर्भर रहना पड़ गया था।

- डॉयल 1099 शव वाहन सेवा का नहीं हुआ प्राइवेट अस्पतालों में अब तक विस्तार

हरिभूमि सरोकार

### मुक्ताजंलि में कितने शवों का परिवहन

| वर्ष | कुल संख्या |
|---|---|
| 2018 | 9743 |
| 2019 | 34318 |
| 2020 | 36090 |
| 2021 | 41075 |
| 2022 | 39209 |
| 2023 | 46733 |
| 2024 | 32362 |

अगस्त माह तक



### अभी 162 मुक्ताजंलि वाहन

कोरोना महामारी के दौरान मुक्ताजंलि सेवा के माध्यम से शवों को अस्पताल से घर अथवा अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया था। इस आपातकाल में जब कोविड संक्रमितों की मौत के बाद रिश्तेदार शव को ले जाने के लिए असहज महसूस कर रहे थे तब मुक्ताजंलि के माध्यम से शवों को गंतव्य तक पहुंचाया गया था।

### दूसरे राज्यों तक सुविधा

मुक्ताजंलि के वाहनों द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्य में भी शव पहुंचाने की व्यवस्था है बशर्ते मरीज की मौत सरकारी अस्पताल में हुई है। अधिकारियों के अनुसार इस तरह के कई मामलों में दुखी परिजनों को इसकी सुविधा विशेष परिस्थितियों में दी गई है। इसके अलावा राज्य के किसी भी जिले में मुक्ताजंलि के माध्यम से शवों को परिजनों की आवश्यकता के अनुसार गंतव्य तक पहुंचाया जाता है।

### प्रमाणिक अस्पतालों में सुविधा

मुक्ताजंलि शव वाहन सभी प्रमाणिक अस्पतालों में टोल फ्री नंबर पर आने वाले कॉल के आधार पर उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों के निर्देश पर विशेष परिस्थिति में भी दुखी परिवार को यह सेवा प्रदान की जाती है।

**- डॉ. कमलेश जैन,** नोडल अफसर, मुक्ताजंलि शव वाहन सेवा

# पर्यटन नीति 2020 को अब विभाग देगा नया रूप, होम स्टे गाइड लाइंस को एक फ्रेमवर्क में लाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पर्यटन विभाग में मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य के होटल एसोसिएशन के सदस्य, ट्रैवल एंड ट्रेड एसोसिएशन और होम स्टे ओनर समेत पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पर्यटन नीति पर चर्चा हुई। विभाग की सचिव रुचि शर्मा ने कहा कि एथनिक और ईको टूरिज्म से जुड़े लोगों का एक ही मंच पर आना पर्यटन के विकास के लिए शुभ संकेत है। 2020 की पर्यटन नीति को रिवाइज और रिव्यू किया जाएगा, ताकि इसे नया रूप दिया जा सके। होम स्टे गाइडलाइंस को एक फ्रेमवर्क के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का फोकस टूरिज्म प्रमोशन के लिए 2047 के विजन प्लान पर है, जिसमें छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने भी अपने सुझाव दिए हैं। बैठक में हेरिटेज टूरिज्म, मेडिकल टूरिज्म और स्थानीय अर्थव्यवस्था में हर प्रकार के टूरिस्ट की भूमिका पर जोर दिया गया।



### होम स्टे संचालकों को विशेष ट्रेनिंग की मांग

प्रबंध संचालक ने कहा कि फिल्म पॉलिसी को बढ़ावा देने और पॉलिसी से संबंधित सभी जानकारी देने के लिए एक बुकलेट तैयार की जा रही है जिसे सभी स्टेकहोल्डर्स को वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोकल इकोनॉमी को प्रमोट करने के लिए स्थानीय पर्यटन का भी महत्वपूर्ण योगदान है। बैठक में रजनीश बस्तर ने सुझाव दिया कि कांगेर वैली नेशनल पार्क में होम स्टे संचालकों के लिए विशेष ट्रेनिंग और सुविधाएं प्रदान की जाएं। बस्तर से जीत आर्या ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को ब्रांडिंग में शामिल किया जाए और सोलो ट्रैवलर तथा महिला ट्रैवलर को ध्यान में रखकर पॉलिसी तैयार कर सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### कलेक्ट किया जाएगा पर्यटकों का डेटा

टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों और स्टेकहोल्डर को पर्यटन सुविधाएं प्रदान करना है। भारत सरकार के डेटा कलेक्शन एप के निर्धारित प्रारूप के आधार पर अब पर्यटन से जुड़ा डेटा कलेक्ट किया जाएगा, जो पर्यटकों का आकड़ा एकत्र करने में कारगर साबित होगा। बैठक में सूचना नेटवर्क को मजबूत बनाने और इंटरनेशनल टूरिस्ट इवेंट्स में स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाने पर भी चर्चा की गई।श्री आचार्य ने बताया कि एक इंटरेक्टिव पोर्टल की आवश्यकता है, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स की जानकारी शामिल हो। नए मोबाइल एप्लिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

# हुरियत के एजेंट को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे मोदी और योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोवर्धनमठ और पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने मंगलवार को चौंकाने वाला वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी तथा मोहन भागवत मुझे दबाने देश विदेश में हुरियत के नेता को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे हैं। इन्हें ये नहीं पता कि पुरी का शंकरचार्य कौन है, इनको कौन दंड दे? इनके दंडित होने का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। देश का संविधान ऐसा हो कि वह यमराज और ईश्वर को भी मान्य हो। रावांभाठा स्थित सुदर्शनम संस्थान में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने ये बातें कही। जगदगुरु शंकराचार्य ने ये भी कहा कि हमें भी भारत में न्याय प्राप्त नहीं हो रहा है, तो किसे न्याय प्राप्त होगा? इन्हें ऐसा शंकराचार्य चाहिए जो यस मैन हो, यह संभव नहीं है।



देश में गोहत्या बंद के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री जब डॉ. मनमोहन सिंह थे, उस समय मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को गोहत्या बंद करने कहा।

### गोसंरक्षण के लिए एक जिला में 25 एकड़ गोचर भूमि हो

देशभर में गोमाता के संरक्षण को जरूरी बताते हुए स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि कृत्रिम दूध के कारण आज गाय की उपयोगिता नहीं रह गई। स्वस्थ क्रांति के लिए यह जरूरी है कि एक जिले में पांच विभाग हो। प्रत्येक जिला में गायों के संरक्षण के लिए 25 एकड़ भूमि गोचर के रूप में सुरक्षित रखी जाए। तभी देशभर में गोहत्या रुक सकती है। आज गोमाता को चारा नहीं मिल रहा, इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी।



## साहू समाज ने विधायक से की मुलाकात

**रायपुर।** ग्राम सिवनी के साहू समाज के सदस्यों ने अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू से विधायक कार्यालय जाकर मुलाकात की। इस मौके पर सदस्यों ने विधायक द्वारा साहू समाज की प्रगति के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। साथ फूलमाला और शॉल से उनका आभार जताया। मुलाकात करने वालों में समाज के संतोष साहू, सेवाराम साहू, घनश्याम साहू, झड़ीराम साहू, पुरषोत्तम साहू, संतराम साहू आदि शामिल थे।

## पेज 11 के शेष ...

### जंगल सफारी में नौ...

के बीच हिरण प्रजाति के नव्य प्राणियों का प्रजनन काल होता है, इस दौरान विशेष रूप से वन्य प्राणियों के बीच द्वंद की आशंका रहती है। अत्यधिक वर्षा के कारण बुजुर्ग एवं नवजात शावकों की मृत्यु भी स्वाभाविक है। साथ ही संक्रामक बीमारी खुर एवं मुंह रोग, निमोनिया, हाईपोथरिया, सर्पदंश, टीबी एवं अन्य बीमारी से हिरणों की मृत्यु होती है। जंगल सफारी में काले हिरण के अलावा नीलगाय, चीतल और सांभर जैसे अन्य शाकाहारी वन्यप्राणी भी रहते हैं। उनमें से काले हिरण सबसे छोटा है।

### इतिहास में पहली बार...

लाख तक जा सकती है।

**सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश :** प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।

**यूरोपीय-अमेरिकी फेडरल बैंक के ब्याज कम होने का असरः** रायपुर सराफा एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने और चांदी में लगातार तेजी का मुख्य कारण पहले यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दर 25 पैसे कम करना और इसके बाद अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा भी ब्याज दर में 50 पैसे की कमी है। इसके साथ ही अमेरिका की महंगाई दर भी कम होकर अब नियंत्रित हो रही है इसलिए सभी स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं।

### पौने दो साल में...

हजार तक कभी नहीं गया था, लेकिन अब यह 77 हजार के पार हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि इस बार धनतेरस और दीपावली में सोना 80 हजारी हो सकता है। बीते साल धनतेरस में कीमत 63 हजार थी।

### रात को बारिश, फिर...

में मौजूद नमी के प्रभाव से चिपचिपाहट भरी गर्मी ने लोगों को खासा परेशान किया। राजधानी के वातावरण में अभी 90 प्रतिशत से ज्यादा नमी मौजूद है, जिसकी वजह से चिपचिपाहट जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले हो सकते हैं।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पं. दीनदयाल उपाध्याय की 25 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे युगदृष्टा थे, जिनके विचारों व सिद्धांतों ने देश को एक प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया। उनकी विचारधारा राष्ट्र के पुनर्निर्माण और भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए थी। उन्होंने समावेशी और जनसमुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में आजीवन काम किया। उनका मानना था कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होता, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। इस विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते उनके जन्मदिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-08 शंकरनगर, तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 23.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक पिता स्व. माधव राव वंजारी निवासी बढ़ई पारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकरनगर प.ह.नं.-63 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 326/2 रकबा क्रमशः 0.0160 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21/08/2024 के परिपालन में दिनांक 08/10/2024 को समय अपरान्ह 2:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के शंकरनगर स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-रायपुर 8 (शंकरनगर)






## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार 29 तक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कृष्णसखा सोसाइटी में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इसमें आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री बृजबिहारी सरकार द्वारा श्रीमदभागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक रखा गया है। आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि गौतम परिवार द्वारा रोहणीपुरम स्थित कृष्णसखा सोसाइटी में यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में समस्त शास्त्रों का सार है और जीवन का व्यवहार भी इसमें छिपा हुआ है। 18 महापुराणों में से एक श्रीमद भागवत महापुराण है।

### राशन दुकान संचालकों ने दी हड़ताल की चेतावनी, सरकार ने चर्चा के लिए आज बुलाया

**रायपुर।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने 1 अक्टूबर को प्रदेशभर की राशन दुकानों को बंद करने की चेतावनी के बाद सरकार ने चर्चा के लिए बुलाया है। खाद्य संचालक उनकी छह सूत्रीय मांगों पर बुधवार को 12 बजे इंद्रावती भवन में चर्चा करेंगे। चर्चा के बाद आगे की रणनीति विक्रेता संघ के पदाधिकारी तैयार करेंगे। प्रदेश के राशन दुकानदारों की नाराजगी की वजह, खाद्य संचालनालय के अफसर की मनमानी के कारण राशन दुकानदारों को घोटालेबाज बताकर जबरिया वसूली बताया जा रहा है। 2021 और 2022 में प्रदेश के राशन दुकानों द्वारा अपने घोषणा पत्र में चावल, शक्कर, चना, गुड, दाल की बचत जानकारी दी है। इसके बाद भी बिना मांगे खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने संचालकों को अंधेरे में रखकर सौ फीसदी कोटा जारी करवा दिया। आधे से अधिक राशन दुकानदार जगह न होने की स्थिति में खुले बाजार में ऊंची कीमत पर कालाबाजारी कर चुके हैं।

### तपस्या से तप और बल के साथ होती है भगवान शिव की प्राप्ति : आचार्य पांडेय

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान भक्त कथा सुनकर झूमते नजर आए। कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय ने कहा कि दो परिवारों को एक साथ मिलाने, विवाह करके मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को यजमानों को रोकर नहीं, बल्कि खुश होकर दान-दक्षिणा देनी चाहिए। आज वस्तुस्थिति यह है कि बाजा-गाजा, डीजे, डांस और पटाखे पर भले लाखों रुपए खर्च कर देते हैं, लेकिन जब मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा का समय आता है तो कई ऐसे लोग भी होते हैं, जो आखिरी में हाथ जोड़ लेते हैं और ब्राह्मणों को तुच्छ समझ लेते हैं। उन्होंने आगे कथा में माता पार्वती जन्म और शिव विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि मां पार्वती भगवान भोलेनाथ को पति के रूप में पाने के लिए एक हजार वर्ष तक फल-मूल खाकर तप करती रहीं। फिर इसके बाद सौ वर्ष तक केवल शाक खाकर तप किया।

# नेताजी सुभाष स्टेडियम में अब क्रिकेट का रोमांच, वार्ड पार्षद अपनी टीम के साथ लगाएंगे चौके-छक्के

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम के 70 वार्ड में जनता के बीच जाकर उनकी मूलभूत समस्या से रूबरू होने वाले वार्ड पार्षद अब अपने मोहल्ले के खिलाड़ियों की टीम बनाकर खेल मैदान पर चौके-छक्के लगाने उतरेंगे। नेताजी सुभाष स्टेडियम में क्रिकेट का यह अदभुत रोमांच जल्द देखने को मिलेगा। नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम का खेलकूद व युवा कल्याण विभाग करने जा रहा है। इसमें शहर के खेल प्रेमियों को क्रिकेट का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। रायपुर नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम खेल मैदान पर नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट मैच 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर के 70 वार्ड के पार्षद अपने वार्ड की टीम के साथ खेल मैदान पर रनों की बौछार करने उतरेंगे। महापौर से लेकर सभापति और जोन अध्यक्ष से लेकर एमआईसी मेंबर अपने वार्ड की टीम के साथ विजेता बनने उत्साह के साथ खेल मैदान पर होंगे।

### नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

- 70 वार्डों से पार्षदों के नेतृत्व में खेल मैदान पर उतरेगी वार्ड की टीम




#### विजेता टीम को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

नगर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त होने पर आकर्षक पुरस्कार दिये जाएंगे। इसके साथ बेस्ट खिलाड़ी, बेस्ट रनर, बेस्ट बॉलर के साथ ही बेस्ट टीम के रूप में आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। नवरात्रि के बाद यह प्रतियोगिता शुरू होगी। इसकी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

## जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने जताई नाराजगी

# नवरात्रि के पहले दिन सामान्य सभा, कांग्रेसी पार्षद ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसी सिलसिले में महापौर एजाज ढेबर ने मंगलवार को कांग्रेस पार्षद दल की बैठक ली। बैठक में शामिल जोन 10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन नगर निगम की सामान्य सभा बैठक बुलाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसका जमकर विरोध करते हुए कहा कि 3 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू हो रही है, इस दिन ज्यादातर पार्षद नवरात्रि के पूजा-पाठ में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक बुलाना समझ से परे है। इस बैठक को पहले या बाद की तारीख में रखा जाना था। उनकी इस बात का समर्थन बैठक में शामिल अन्य पार्षदों ने भी किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर के बाद अब कांग्रेसी पार्षद भी नवरात्रि के पहले दिन नगर निगम की सामान्य सभा बुलाए जाने पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में महापौर एजाज ढेबर के सामने लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद आकाशदीप शर्मा ने इसका खुलकर विरोध किया। बैठक में शामिल

- प्रश्नकाल में कांग्रेसी पार्षद भी लगा रहे प्रश्न



अन्य पार्षदों ने भी महापौर से आग्रह किया कि चूंकि नवरात्रि पर्व के पहले दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कई पार्षद उपवास रखते हैं, इसलिए सभापति से मिलकर सामान्य सभा की तारीख में बदलाव किया जाए। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक को संबांधित करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने सभी भारसाधक सदस्यों से सामान्य सभा में पूरी तैयारी के साथ आने के लिए कहा है। इसके साथ ही सामान्य सभा में अपनी बात रखने के लिए पार्षदों को प्रोत्साहित किया। सामान्य सभा के पूर्व होने वाले 1 घंटे के प्रश्नकाल में इस बार महापौर एजाज ढेबर और उनके परिषद के सदस्यों को अपने ही पार्टी के पार्षदों के प्रश्न का जवाब देना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक 3 से 4 कांग्रेसी पार्षद जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सदन में सवाल उठा सकते हैं।

#### जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने लगाये प्रश्न

*प्रश्न 1- पिछली सामान्य सभा 22 फरवरी 2024 में विकास कार्यो से संबंधित प्रस्ताव एमआईसी और सामान्य सभा में पारित किया गया था, उनमें से कितने कार्यो को स्वीकृति शासन द्वारा मिली है और कितने कार्यो को स्वीकृति नहीं मिली ?*

*प्रश्न 2 - विधानसभा चुनाव 2023 के बाद किन-किन वार्डों में कितने विकास कार्यो की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है एवं अब तक कितने कार्य प्रारंभ हो चुके हैं।*

#### अमितेश भारद्वाज, पार्षद कालीमाता वार्ड

*प्रश्न 1 प्रदेश में 1 जुलाई 2022 से पॉलिथीन पर प्रतिबंध है। नगर निगम द्वारा पॉलीथीन बनाने वाले कितने छोटे व बड़े उद्योगों पर कार्यवाही की गई है, उनका नाम बताएं और जुर्माना की राशि के बारे में जानकारी दें ?*

*प्रश्न 2 रायपुर नगर निगम के अंतर्गत निराश्रित पेंशन के हितग्राहियों को पिछले कई माह से उनके खाते में राशि नहीं आई। ऐसे में बहुत से हितग्राही ऐसे हैं जो बैंक और निगम के चक्कर काट रहे हैं, इनके लिए निगम द्वारा क्या व्यवस्था की गई है?*

*स्वस्थ व्यापारी स्वस्थ व्यापार थीम पर शिविर*

# कैट के स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के सीजी चैप्टर की ओर से राजधानी के केनाल रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कैट और नारायणा एमएमआई हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगाये गये इस शिविर में न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, आर्थोपेडिक के जानकार चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। स्वस्थ व्यापारी स्वस्थ व्यापार कंसेप्ट पर मंगलवार को कैट के छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से व्यापारियों के लिए विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में व्यापारी और



विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि स्वस्फूर्त पहुंचे। शिविर में मुख्य रूप से ब्लड, शुगर, बीपी की जांच नेत्र रोग की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल के डॉक्टर सुनील गौनीयल, वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी, डॉक्टर पंकज पटेल, डॉक्टर भारत भूषण, सलाहकार न्यूरोसर्जरी, डॉक्टर सोनल ब्यास, नेत्र रोग सलाहकारडॉक्टर जूली दोशी त्रिपाठी, पीबीटी, डीओ, ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान की।

## गर्व से गौरव की ओर थीम पर चैंबर सदस्यता दिवस मनाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बांबे मार्केट स्थित प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गर्व से गौरव की ओर थीम पर चैंबर सदस्यता दिवस मनाया गया। इसके साथ ही चैंबर इकाई सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि कार्यक्रम में चैंबर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा, मंत्रोच्चार एवं आतिशबाजी के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेशभर से आए व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




प्रदेशभर से आये चैंबर इकाइयों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही इकाइयों को उनके द्वारा बनाए गए सदस्यों के चेंबर प्रमाण पत्र एवं गौरव कार्ड दिए गए।

# श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा 3 से, चार बसें प्रतिदिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

दो साल बाद फिर से रायपुर शहर के श्रद्धालुओं को निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा पर ले जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शारदीय नवरात्रि के पूरे नौ दिन तक प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को राजधानी से डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी माता दर्शन करने ले जाया जाएगा। यह यात्रा शारदीय नवरात्रि की पहले दिन 3 अक्टूबर से शुरू होगी। यात्रियों को नाश्ता, भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा निशुल्क की जाएगी। काली माता अन्नदान भंडारा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने बताया कि चार बसें प्रतिदिन सुबह 9 बजे डोंगरगढ़ रवाना होंगी एवं दर्शन के बाद रात्रि 8 बजे उन्हीं बसों से यात्री वापस लौटेंगे।



#### विभिन्न समितियों का करेंगे गठन

*कार्यक्रम प्रमुख श्रीचंद सुंदरानी ने आगे बताया, मां बम्लेश्वरी के आशीर्वाद से यह प्रयास मानवता की सेवा में तुच्छ अर्पण सिद्ध होगा, ऐसी हमारी आशा एवं विश्वास है। यह यात्रा जनसहयोग एवं जनभागीदारी से पिछले 8 वर्षों से अनवरत जारी है और जगत जननी मां दुर्गा की कृपा से भविष्य में हम ऐसे और जनकल्याणकारी कार्य कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक यात्रा को सफल बनाने जल्द ही विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा, जिनमें गुड्डू त्रिपाठी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, राजू तारवानी, गोल्डी बेदी, संदीप परिहार, शंकर गुप्ता, गुरमीत सिंह टोनी, राजू साहू, विजय सिंह, रोहित भारद्वाज, टीनू शर्मा, द्वारिका कुर्रे, गोलू यादव, प्रेम कुर्रे, राजेश गंगवानी, बबलू पाठक को शामिल किया जाएगा ।*

#### यात्रा के लिए कराना होगा पंजीयन

*उन्होंने आगे बताया कि यह यात्रा पूरी तरह निशुल्क है और इसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य होगा। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर सीटें आवंटित की जाएंगी। चारों बसें क्रमशः एक-दूसरे के पीछे चलती हुई डोंगरगढ़ पहुंचेंगी। यात्रा के लिए पूर्व पंजीयन समिति के इंदिरा चौक, श्याम नगर स्थित कार्यालय से 28 से 30 सितंबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे एवं शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु अपने टिकट का पंजीयन करा सकेंगे। टिकट आरक्षण "पहले आओ, पहले पाओ" की तर्ज पर दिया जाएगा। 6 अक्टूबर को रविवार होने के कारण केवल सरकारी कर्मचारियों को ही इस यात्रा के लिए आरक्षण टिकट दिया जाएगा। श्रद्धालु टिकट आरक्षण के लिए इन मोबाइल नंबरों पर 97131–95111 एवं 97131–54111 पर भी संपर्क कर सकते हैं।*

# पीजी एनओसी के लिए 25 लाख की जमानत, नियम हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एमबीबीएस के बाद एमडी-एमएस करने एनओसी के लिए 25 लाख की प्रापर्टी की जमानत वाले नियम को हटाने की मांग उठने लगी है। जूनियर डाक्टरों ने यूडीएफए प्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले में मुलाकात की है। उन्होंने नियमित चिकित्सकों को सवैतनिक अध्ययन अवकाश देने पर भी जोर दिया है। डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री के सामने तर्क दिया गया है कि इस नियम की वजह से मध्य वर्ग से ताल्लुक रखने वाले कई चिकित्सक अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते, क्योंकि उनके पास जमानत रखने के लिए 25 लाख की प्रापर्टी नहीं होती। उन्होंने यह भी बताया कि पीजी के एमसीएच का कोर्स करने वालों को 50 लाख रुपए की संपत्ति के कागज जमानत के रूप में रखनी पड़ती है। निजी कालेज अथवा दूसरे राज्यों से पढ़ाई कर आने वाले छात्रों के लिए यह नियम लागू नहीं होता है। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि नियमित डाक्टरों को तीन वर्ष की पीजी पढ़ाई करने के लिए सवैतनिक अवकाश भी प्रदान किया जाना चाहिए।मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पताल में पीजी रेसीडेंट लगातार ड्यूटी करते हैं जिसकी वजह से उन्हें मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीजी डाक्टरों को 24 घंटे की ड्यूटी के बाद अवकाश प्रदान किया जाए। इस तरह की व्यवस्था रायपुर मेडिकल कालेज एक विभाग में प्रारंभ की गई है। इसे सभी विभागों के साथ राज्य तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में लागू किए जाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करने वालों में यूडीएफए के राज्य अध्यक्ष डा. हीरा सिंह एवं डा. गंर्धव पांडे शामिल थे।

- स्वास्थ्य मंत्री से मिले जूनियर डाक्टर, अध्ययन अवकाश पर जोर



#### नई कार्यकारिणी गठित

यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन भी किया है। इसमें डॉ. तितिर बिस्वास, डॉ. प्रशांत को उपाध्यक्ष, डा. योगेन्द्र जोगी., डा. आफरीन शम्स, डा. अनमोल पटेल, डा. सुमित गुप्ता सचिव बनाया है। जिला स्तर पर संयोजक के रूप में डॉ. वासुदेव सेन, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. अर्जुन जायसवाल, डॉ. अनुज साहू, डॉ. राजेश्वर, डॉ. तरुण सिन्हा, डॉ. दैत्यानाशन पटेल, डॉ. प्रभाकर प्रधान को शामिल किया गया है।

# रविवि कार्यपरिषद का विस्तार पांच विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा कार्यपरिषद का विस्तार किया गया है। इसमें पांच विधायकों को शामिल किया गया है। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, रोहित साहू और योगेश्वर राजू सिन्हा अब कार्यपरिषद के सदस्य होंगे। रविवि द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इनका कार्यकाल तीन वर्ष तक अथवा इनके विधान परिषद सदस्य रहते तक, इनमें से जो भी पहले होगा, तक रहेगा। छग उच्च विभाग के आदेश पत्र के आधार पर यह अधिसूचना जारी की गई है। कार्यपरिषद की बैठक में रविवि अध्ययनशाला, पाठ्यक्रम, डिग्री तथा इससे संबंधित कई अन्य मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। मनोनीत विधायक भी अब इनका हिस्सा होंगे।



#### रिक्त थे पद

*रविवि कार्यपरिषद में विश्ववद्यालय के प्राध्यापकों और अकादमिक विभाग के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल किया जाता है। इसमें सामाजिक व्यक्तियों के साथ ही विधायकों को भी शामिल किया जाता है। बीते कुछ माह से ये पद रिक्त थे। रविवि कार्यपरिषद की बैठक भी उनकी अनुपस्थिति में हो रही थी। अब आदेश जारी कर रिक्त सीटों पर मनोनयन कर दिया गया है। आगामी कार्यपरिषद की बैठक में मनोनीत सदस्य शामिल होकर अपनी योजनाएं और मत साझा करेंगे।*

## दिशा कॉलेज में परम्परा-2024 का आयोजन

**रायपुर।** दिशा कॉलेज द्वारा शिक्षक दिवस एवं नए छात्रों के स्वागत अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से होगा, जो जोरा स्थित प्रतिष्ठा द बैंक्वेट में आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने बताया, कार्यक्रम 'परम्परा-2024' का भव्य रूप से आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न विभाग के प्रोफेसर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नव प्रवेशित छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

*नई कार्यकारिणी का गठन, इस वर्ष 2 लाख सदस्यता का लक्ष्य*

# कॉलेज में घट रहे विद्यार्थी, एबीवीपी चलाएगी परिसर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में परिसर चलो अभियान चलाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक अभनपुर में हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के कार्यकारिणी के 150 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश की वर्तमान शिक्षा की स्थिति का आकलन करते हुए अभाविप ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता के विषय पर प्रस्ताव भी पारित किया है। इस बैठक में ही अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। साथ ही इस वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 2 लाख से अधिक सदस्यता करने के




लिए योजना भी बनाई है। इसके अलावा प्रदेशभर की खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरे प्रदेश के विद्यालय व महाविद्यालय परिसरों में खेल कुंभ नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परंपरागत खेल के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी। सेवा सप्ताह, विकास चेतना सप्ताह जैसे अभियान के माध्यम से छात्रों के मध्य सेवा और पर्यावरण विकास के संबंधित विषयों को लेकर भी आयोजन किए जाएंगे।

#### प्रथम महानगर मंत्री

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायपुर महानगर की नई कार्यकारिणी भी गठित की गई है। प्रो.अनुज शुक्ला को सर्वसम्मति से सत्र 2024-25 के लिए रायपुर महानगर का अध्यक्ष और प्रथम राव फुटाने को महानगर मंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया है। कार्यकाल एक वर्ष का होगा। हर्षित कौर, रामजी शिवहरे, अन्वित दीक्षित और सुजल गुप्ता को सहमंत्री बनाया गया है।

#### राजनांदगांव में होगा प्रदेश अधिवेशन

*इस वर्ष का प्रदेश अधिवेशन 27 से 29 दिसंबर तक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। सामाजिक समरसता दिवस, जनजाति गौरव दिवस, स्त्री शक्ति दिवस, गुरु घासीदास जयंती, शहीद वीर नारायण जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा भी बैठक में बनाई गई है। अभाविप के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में बनाई गई योजना से संगठन विकास व संगठन कार्य में व्यापक बढ़ोतरी भविष्य में देखने को मिलेगी। छात्र प्रोत्साहन यात्रा का आयोजन भी एबीवीपी द्वारा किया जाएगा।*






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02

परंपराओं की ओर लौट रहे लोग, कोरोना ...


## जॉब अलर्ट

### एनटीपीसी भर्ती के लिए आवेदन शुरू, 8113 रिक्त पदों पर होगी भर्ती




**रायपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी के तहत 8 हजार 113 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 14 सितंबर से शुरू हो गई है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक ऑफिशियल वेबसाइट www.rrbapply.gov.in पर एक्टिव किया गया है। भर्ती के लिए पात्रता पूरी करने वाले अभ्यर्थी तय तिथियों में फॉर्म भर सकते हैं। आरआरबी की ओर से एप्लीकेशन फॉर्म भरने एवं शुल्क जमा करने की आखिरी तिथि 13 अक्टूबर 2024 तय की गई है। रिक्त पदों में चीफ कॉमर्शियल और टिकट सुपरवाइजर के 1736 पद, स्टेशन मास्टर के 994 पद, गुड ट्रेन मैनेजर के 3144 पद, जूनियर अकाउंट असिस्टेंट व टाइपिस्ट के 1507 पदों और सीनियर क्लर्क व टाइपिस्ट के 732 पद शामिल हैं।

#### जरूरी है स्नातक उपाधि नियमानुसार मिलेगी छूट

इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कुछ पदों के लिए स्नातक उत्तीर्ण होने के साथ उम्मीदवारों को कंप्यूटर के साथ टाइपिंग का ज्ञान होना चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु पदानुसार 33 से 36 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी। रिक्त पद और भर्ती से संबंधित अन्य जानकारियां विस्तृत रूप से वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवार वेबसाइट पर निरीक्षण करने के साथ ही आवेदन कर सकते हैं।

### एनडीए व सीडीएस के परिणाम जारी

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की ओर से एनडीए एवं सीडीएस-2 एग्जाम के रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम ऑनलाइन माध्यम से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट **upsc.gov.in** पर पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना नाम वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। जिन उम्मीदवारों का नाम इस लिस्ट में दर्ज है, वे भर्ती के अगले चरण इंटरव्यू के लिए क्वालीफाई माने जाएंगे।

# 16 अक्टूबर से जंगलों में वाइल्ड लाइफ ट्रैकिंग के खुलेंगे रास्ते
# दल्हा पहाड़ में भ्रमण के नए मार्ग, बाइक से कर सकेंगे मैकल दर्शन

प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य घूमने के शौकीन पर्यटकों का इंतजार खत्म हुआ। तीन महीने से बंद अभयारण्य 16 अक्टूबर से खुलने जा रहे हैं। अगर मानसून एक फिर से सक्रिय होता है, तो से 1 नवंबर से खुलेंगे। जंगल के रास्ते खुलने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वन और पर्यटन विभाग ने बार नवापारा, अचानकमार, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान समेत अन्य अभयारण्यों में जंगल के अंदर के भ्रमण मार्ग की मरम्मत का काम प्रारंभ कर दिया है।

### बारिश में 3 महीने बंद रहने के बाद खुलेंगे अभयारण्य, गार्ड के साथ पर्सनल कार से भी कर सकेंगे भ्रमण

**रायपुर।** पुल-पुलिया की मरम्मत के अलावा मार्ग से झाड़ी हटाने का कार्य अंतिम चरण में हैं। तीन महीने के बाद प्रदेश के 3 राष्ट्रीय उद्यान और 11 अभयारण्य के साथ 4 टाइगर रिजर्व में रौनक देखने को मिलेगी। अभयारण्य में भ्रमण करने ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। शनिवार और रविवार के लिए एडवांस बुकिंग की स्थिति फिलहाल है। जंगलों के भीतर रिसोर्ट ज्यादातर बुक हो चुके हैं। पर्यटन विभाग ने तुरतुरिया मार्ग, कुरदर घाटी मार्ग में मेंटेनेंस का कार्य किया है। रात में कई जगहों पर लाइट के साथ पानी की भी सुविधा मिलेगी। दल्हा पहाड़ और राजमेरगढ़ के जंगल के अलावा कोरबा जिले में भी बारिश के बाद पहली बार वाइल्ड लाइफ ट्रैकिंग का आनंद ले सकेंगे।



#### कुरदर वैली से अचानकमार जाने मिलेगी जिप्सी

बिलासपुर जिले में स्थित कुरदर वैली घने जंगल के बीच है। यहां पर्यटन विभाग ने रिसोर्ट तैयार किया है। 16 से कुरदर वैली से अचानकमार जंगल भ्रमण करने यात्रियों को जिप्सी की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। विभाग द्वारा बारिश के बाद 60 किलोमीटर के दायरे तक फारेस्ट की कच्ची सड़कों को पर्यटकों के लिए दुरुस्त किया जा रहा है। बारिश के दौरान कई मार्ग खराब हो गए थे, जिसे नया रूप दिया गया है। पर्यटकों के लिए शिवतराई, केंवची और कुरदर से मार्ग से एटीआर में घूमने के लिए प्रवेश दिया जाएगा। अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगलों में पर्यटक 16 अक्टूबर से से वन्य जीवों को देख पाएंगे। पर्यटकों के घूमने के लिए एटीआर में 7 जिप्सियों की व्यवस्था की गई है। इन वाहनों से पर्यटक तय रूट पर जंगल के अंदर का लुत्फ उठा सकेंगे।

#### दल्हा पहाड़ में पैदल और बाइक से भी ट्रैकिंग



बिलासपुर जिले में स्थित दल्हा पहाड़ में बड़ी संख्या में लोग ट्रैकिंग के लिए पहुंचते हैं। बारिश के बाद पहाड़ के मार्ग का मेंटेनेंस किया गया है, जिससे अब बाइक, कार और पैदल भी यहां ट्रैकिंग कर सकेंगे। दल्हा पहाड़ में 16 के बाद चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई पर पहाड़ी की चोटी तक ट्रैकिंग की जा सकेगी। चोटी से चारों दिशाओं में फैले सुंदर दृश्यों का आनंद लिया जा सकता है। इस यात्रा के दौरान कंटीले पौधे, पथरीले रास्ते और घने जंगलों से होकर गुजरना पड़ता है। ट्रैव्हल गाइड दीपक पटेल का कहना है कि राज्यभर से हर साल यहां 10 हजार से अधिक लोग ट्रैकिंग करने पहुंचते हैं।

#### बारनवापारा में तैयार किया गया वॉच टॉवर



प्रदेश का प्रमुख वन क्षेत्र बारनवापारा अभयारण्य 16 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। जंगलों के गेट खुलने के साथ ही वन्य प्रेमियों के लिए छुट्टियों में जंगल की सैर करना आसान हो जाएगा। पर्यटन और वन विभाग के रिसोर्ट की बुकिंग बढ़ गई है। बारनवापारा में बीहड़ जंगलों के बीच खूबसूरत इलाकों, पशु-पक्षियों की प्रजातियों सहित विभिन्न झरने का लुत्फ उठा सकेंगे। अभ्यारण्य में वॉच टावर तैयार किया गया है, यहां से पर्यटक दूर तक फैले हुए अभ्यारण्य को देख सकते हैं। 16 से जंगल में कैंपिंग, ट्रैकिंग, नाइट ट्रैकिंग और एडवेंचर गतिविधियां शुरू हो जाएगी। इसका किराया 1500 से 3500 तक है। अभ्यारण्य में घूमने के लिए दिन में दो समय निर्धारित हैं। सुबह 6 से 9 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक के समय में ही आप अभ्यारण्य घूम सकते हैं।

#### राजमेरगढ़ में जंगल और पहाड़ों तक जाने नई ट्रैक

मरवाही वन मंडल में स्थित राजमेरगढ़ प्राकृतिक सुंदरता से भरपुर है। यहां भी जंगलों के रास्ते 16 के बाद से खोल दिया जाएगा। इसके बाद पर्यटक जंगल के रास्ते होते हुए राजमेरगढ़ की ऊंची चोटी पर जा सकेंगे। मरवाही वन मंडल में भालू और हिरण के साथ वन भैंसा अधिक है। इस वजह से बारिश में जंगल के कई मार्गों को बंद कर दिया जाता है। मंडल के कौशल श्रीनिवास ने बताया, राजमेरगढ़ में खानपान और ठहरने की व्यवस्था नहीं है, इसलिए पर्यटक भ्रमण के बाद लौट आते हैं। नेचर कैंपिंग के तहत पर्यटक 6 महीने तक राजमेरगढ़ राजमेरगढ़ की अदम्य सुंदरता का आनंद उठा सकेंगे।




#### जंगल के रास्ते पहुंच सकेंगे चिल्फी

भोरमदेव अभ्यारण तीन महीने बाद खुलेगा। यहां से मैकल पर्वत के दर्शन किए जा सकते हैं। मैकल पर्वत का विस्तार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, कवर्धा, मुंगेली, बिलासपुर व पेंड्रा मरवाही जिले में है, जिसकी सबसे ऊंची चोटी चिल्फी के सरोदा दादर गांव में है। अभ्यारण के खुलने से पर्यटक कबीरधाम जिला से जंगल होते हुए चिल्फी पहुंच सकेंगे। यह रास्ता घने जंगलों से घिरा हुआ है, जिसमें वन्य जीवों के दिखने की संभावना अधिक बताई जा रही है। विभाग का दावा है कि राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य के खुलने के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।

## आराधना

### स्व-उत्कर्ष के लिए निंदा का सहारा लेता है मानव



**रायपुर।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। मंगलवार को मुनि प्रियदर्शी विजय साहब ने कहा कि जीवन में लोकप्रिय नामक गुण होगा तो धर्म की अवश्य प्राप्ति होगी। लोकप्रियता गुण प्राप्त करने की पांच बातें प्रमुख हैं। इनमें इस लोक संबंधी-परलोक संबंधी विपरीत प्रवृत्तियों का त्याग एवं दान, शील और विनय तीन गुण का स्वीकार्य शामिल है। इस तरह से व्यक्ति समाज के अंदर और संघ के अंदर लोकप्रिय बनता है और लोकप्रिय व्यक्ति को कभी भी धर्म के अंदर अड़चन नहीं आती है। मुनिश्री ने कहा कि जीवन के अंदर निंदा का त्याग अवश्य करना चाहिए। शास्त्रकार भगवंत ने खराब प्रवृत्तियों में निंदा को प्रमुख बताया है। कई सारे अवगुण हैं तो कह सकते हैं निंदा उसका मूल है। निंदा यदि जीवन में हो तो बाकी अवगुण आने में देर नहीं लगती। निंदा एक ऐसी चीज है, जो हर किसी को प्रिय है। निंदा करने वाला व्यक्ति हमेशा यह सोचता है कि मैं जो कहता हूं वह सत्य होता है। किसी के बारे में मैं गलत नहीं बोलता, ऐसा व्यक्ति अपने आप को समाज के अंदर सत्यवादी तरीके से स्थापित करता है। निंदा का रस सबसे अधिक खतरनाक है।

#### ईर्ष्या के कारण जन्म लेती है निंदा

मुनिश्री ने कहा कि निंदा का प्रवेश जीव दो अवगुणों के कारण कराता है। पहले अपना उत्कर्ष करने के लिए, दूसरा ईर्ष्या के कारण। या तो व्यक्ति स्व-उत्कर्ष के लिए निंदा का सहारा लेता है या फिर समाज के अंदर दूसरों की उनके अवगुणों की तलाश कर निंदा करता है। वहीं व्यक्ति जीवन के अंदर जो गुण नहीं होते, उस गुण को प्राप्त कर सके ऐसी कोई शक्ति नहीं होती तो ईर्ष्या के कारण भी व्यक्ति निंदा को प्रवेश देता है। निंदा ईर्ष्या के कारण जन्म लेती है।

#### मन में होना चाहिए कवच



किसी की समृद्धि, रूप, बोलने की कला, किसी के समाज में मान-सम्मान को देखकर यहां तक की घरों में भी ईर्ष्या के कारण ही झगड़ा होता है। धन दौलत ही नहीं कपड़े और जूते में भी लोग ईर्ष्या कर सकते हैं। एक को इतना अच्छा, मुझे इतना कम यह ईर्ष्या ही है। मुनिश्री ने कहा कि ईर्ष्या को खत्म करने के लिए मन में कवच चाहिए। जैसे कोरोना की बीमारी के लिए वैज्ञानिकों ने कवच तलाश किया।

## राधा-कृष्ण बनकर बच्चों ने मोहा, शतरंज में भी दिखा टैलेंट

### अग्रसेन जयंती महोत्सव : मोहल्ला समितियों में हो रहे आयोजन





**रायपुर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज की मोहल्ला समितियों द्वारा शहर में विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में समाज के बच्चे अपना टैलेंट दिखा रहे हैं। पुरानी बस्ती समिति द्वारा रखी गई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा-कृष्णा व मां दुर्गा की वेशभूषा में बच्चे पहुंचे। इसके साथ पर्यावरण की थीम पर अपनी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अशोक रतन में महिलाओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति से जुड़े नृत्य पेश किए। जयंती महोत्सव तक विभिन्न मोहल्ला समितियों द्वारा अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सिविल लाइन और कोटा में भी बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न खेल के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि 3 अक्टूबर को अग्रसेन धाम में जयंती उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

#### विशेष प्रतिभाओं को सम्मानित करेगा समाज



शहर के 17 मोहल्ला समितियों द्वारा जंयती के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाले बच्चों व महिलाओं को महोत्सव के दिन प्रथम व द्वितीय विजेता को खिताब दिया जाएगा। विशेष प्रतिभाओं के लिए समाज सम्मानित भी करेगा। मोहल्ला समिति में रहने वाले अग्रवाल बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई है। महोत्सव के अंतिम दिन प्रस्तुति देने समाज में तैयारियों को दौर शुरू हो चुका है।

### भावनात्मक व आध्यात्मिक पहलुओं को बनाएं संतुलित




**रायपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम नए छात्रों के लिए रखा जा रहा है। इसके दूसरे दिन छात्रों को तनाव प्रबंधन के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता रविवि अध्ययनशाला के डॉ. राजीव चौधरी ने छात्र-छात्राओं को जीवन की बढ़ती जटिलता और तनाव के बीच जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक पहलुओं को संतुलित और समृद्ध बनाकर जटिलताओं को दूर किया जा सकता है। जीवन की समग्रता को अपनाकर हम अपनी पूर्ण क्षमता के साथ अधिक सामंजस्यपूर्ण और अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### दक्षिण भारतीय थीम पर रखा गया अनोखा स्वागत समारोह

# लुंगी और साड़ी में हुआ विद्यार्थियों का स्वागत, केले के पत्तों पर लिखा परिचय, फहाद और भूमिका के सिर ताज

**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज में तीन दिवसीय फ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विभागवार छात्रों के लिए स्वागत समारोह रखा जा रहा है। मंगलवार को प्रबंधन विभाग के छात्रों को फ्रेशर पार्टी दी गई। जहां विभाग के 200 से अधिक छात्र व प्रोफेसर्स साउथ इंडियन थीम में नजर आए। साउथ इंडियन परिधान के साथ आभूषण भी साउथ इंडियन थीम पर ही विद्यार्थियों ने पहने। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए। फ्रेशर पार्टी के दौरान मैक बैंड ग्रुप द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। मनमोहक गाने सुनकर विद्यार्थियों के साथ प्रोफेसर भी झूमते नजर आए। जहां फिल्मी पार्टी सॉन्ग सुनने को मिले, वहीं कुछ साउथ इंडियन गाने भी गुनगुनाए गए।




#### प्रोफेसर्स ने भी किया रैंपवॉक

शुरुआत रैंपवॉक के साथ की गई। जिसमें एकल व समूह में रैंपवॉक किया गया, इस दौरान छात्र फिल्मी एक्ट करते नजर आए। रैंपवॉक में छात्रों संग प्रोफेसर्स ने भी हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधान में पहुंची छात्राओं का स्वागत भव्य रुप से किया गया। जहां अंत में कई गेम्स भी खिलाए गए।

#### मिस्टर हैंडसम, मिस ब्यूटीफुल सहित कई अवार्ड






पार्टी के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें मिस्टर फ्रेशर फहाद अहमद और मिस फ्रेशर भूमिका राजपाल रही। मिस्टर एंड मिस वेल ड्रेस्ड सार्थक गुप्ता व सुखप्रीत कौर टुटेजा, मिस्टर एंड मिस बेस्ट स्माइल मयंक रमानी और वर्षा बोथरा, मिस्टर एंड मिस पोपुलर जादवानी ब्रदर्स व तान्या अग्रवाल रही। मिस्टर हैंडसम व मिस ब्यूटीफुल के लिए गौरव अग्रवाल व समीक्षा का चयन किया गया।

## समाज इवेंट

# मेकअप व हेयर स्टाइल की नई तकनीक से रहें अपडेट



रायपुर। केयर स्किल फाउंडेशन संस्था द्वारा सात दिवसीय सेल्फ मेकअप एवम हेयर स्टाइल कक्षा का आयोजन किया गया। धनेली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित इस कक्षा में 21 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण बीते सप्ताह प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन मौजूदा सप्ताह में किया गया। यह कार्यक्रम फाउंडेशन द्वारा महिलाओं एवं युवतियों को अपने हुनर को पहचानने और निखारने के लिए रखा गया था। विशेषज्ञों ने महिलाओं और युवतियों से नई तकनीक से परिचित होने कहा, ताकि वे अपने कौशल में निखार ला सके।

### बेस मेकअप से करें शुरुआत

प्रशिक्षिका याशिका मेथानी ने द्वारा शुरुआत के दिनों में थ्योरी क्लास ली। इसके बाद 3 दिनों में बेस मेकअप, आई मेकअप, स्मोकी आई मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया। अंत के 2 दिनों में बेसिक हेयर स्टाइल के नए तरीकों के साथ नए तरह के हेयर स्टाइल के बारे में बताया गया। शामिल सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर इस 7 दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने नए तकनीक से जुड़े सवाल भी पूछे, जिसका जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण निःशुल्क रहा। केयर स्किल फाउंडेशन के तरफ से अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, शशिकांत साहू, अवेंद्र कुमार, भुनेश्वरी बाघ, हरिश्वर दास आदि मौजूद रहे।

## कैंपस लाइव

# मार्केट में कई तरह के आइडियाज स्टार्टअप के लिए ढूंढे नए विचार



रायपुर। युवाओं की क्षमताओं का विकास व उपयोग करके ही देश के लिए तेजी से विकास करना संभव है। वर्तमान में रोजगार सृजन, एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। युवा स्वयं का स्टार्टअप खड़ा करें और जॉब सीकर के स्थान पर जॉब प्रवाइडर बनें। उक्ताशय के विचार स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत विचार विभाग प्रमुख डॉ. मंजिरी बक्षी ने व्यक्त किए। संत ज्ञानेश्वर स्कूल व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल में आयोजित 'हैं तैयार हम' कार्यक्रम में उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि स्वावलंबी भारत अभियान के सदस्य एसके शर्मा और डॉ. एसके टांक रहे।

### लोगों को भाते हैं सुविधा देने वाले विचार

इस अवसर पर '37 करोड़ स्टार्टअप का देश भारत' पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ. बक्षी ने बच्चों को इतने स्टार्टअप के बीच नए आइडिया और क्रिएटिव थिंकिंग विकसित करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव योग कराने आए थे। आज उनकी सोच उन्हें कहां से कहां ले गई। इस तरह ओला-ऊबर का नया विचार भी लोगों को भाया। ओला-ऊबर के पहले भी टैक्सी चलती थी, लेकिन ओला-ऊबर ने इसे आसान कर दिया। अतिथियों ने बच्चों को देशभक्तिपूर्ण गीत सुनाए और देश का सेवा उद्यमी बनने की बात कही। आराधना लाल, तृप्ति अग्निहोत्री सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## सिटी लाइव

# 5 अक्टूबर से 'नो योर आर्मी' मेला मिलिट्री बैंड्स का म्यूजिकल शो



रायपुर। राजधानी में भारतीय सेना द्वारा 5 और 6 अक्टूबर को 'नो योर आर्मी' मेला का आयोजना किया जाएगा। यह प्रदेश में होने वाला अनोखा आयोजन है जिससे आम जनता को करीब से सेना के बारे में जानने का मौका मिलेगा। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को इसे दिखाने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह और सेना के अधिकारियों ने इस परिपेक्ष्य में साइंस कॉलेज मैदान का मुआयना किया और चर्चा की। लोक निर्माण विभाग को सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने और नगर निगम को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने कहा गया है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, कर्नल सुमित शर्मा, कर्नल मुत्तालि , कर्नल राजेंद्र सिंह तथा कर्नल अनुपम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेना के कमांडो दिखाएंगे रण कौशल

इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन होगा, जिसमें टैंक, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स एवं एयर डिफेन्स गन्स शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडो अपने अद्भुत रण-कौशल का प्रदर्शन भी करेंगे। इसके अंतर्गत कमांडोज द्वारा हवाई जहाज से पैरा जम्प एवं स्लिदरिंग का भी रोमांचक प्रदर्शन किया जाएगा। 5 अक्टूबर की संध्या को सेना के बैंड्स द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जबलपुर एवं वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स की प्रतिभागिता होगी।

## पितृपक्ष समाप्त होते ही बाजार में उमड़ेगी खरीदारों की भीड़, दुकानदारों ने शुरू की तैयारी

# परंपराओं की ओर लौट रहे लोग, कोरोना के बाद बढ़ी बांस व मिट्टी से बनी सामग्री की बिक्री, इन्हें नए स्टोन, मोती के जरिए दे रहे नया लुक

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरु हो रही है। प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रि व शारदीय नवरात्रि का खास महत्व होता है। इन दिनों माता के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिरों संग पंडालों में भी माता की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ की परंपरा में शारदीय नवरात्रि के दौरान घर पर जंवारा बोया जाता है। मान्यता के अनुसार ज्योति कलश भी स्थापित की जाती है। जिसे नौ दिनों तक पूजा जाता है।

रायपुर। प्रदेश के शहरी व ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में घर पर जंवारा बोया जाता है, जिसके लिए कलश व बांस के टोकरी की आवश्यकता होती है। इसके लिए भी बाजार सज चुका है। कुम्हार व अन्य व्यापारी नवरात्रि के लिए पूजन सामाग्री की थोक में खरीदारी कर बाजार सजा रहे हैं। शहर के व्यापारियों द्वारा महादेव घाट और रायपुरा चौक के कुम्हार परिवार को दो माह पूर्व ही ऑर्डर दे दिया गया था। उन्हें मंदिरों के लिए भी बड़ी संख्या में ऑर्डर मिले हैं।

### धूप दानी की भी खरीदी



महादेव घाट रोड स्थित कुम्हार परिवार के सदस्य भुनेश्वर ने बताया, नवरात्रि के 2 माह पहले ही मिट्टी के बर्तन बनाने शुरु कर दिए जाते हैं। जिसे पूर्ण रुप से तैयार होने में एक माह का वक्त लगता है। इन दिनों ज्योति कलश, दीपक व धूप दानी की खरीदारी की जाती है। मंदिरों व घर के लिए ज्योत-जंवारा स्थापित करने के लिए मिट्टी के कलश की खरीदारी की जाएगी। शहर के छोटे फुटकर व्यापारियों द्वारा एक माह पहले से ही मिट्टी के पूजन सामाग्री का ऑर्डर दे दिया गया था। उन्हें अब इसकी सप्लाई की जा रही है।



### कीमतों में नहीं हुई अधिक वृद्धि

महादेवघाट रोड स्थित एक दुकान के संचालक नेहरु पाल ने बताया, गोलबाजार से दुकान के लिए खरीदारी की जाती है। बीते कुछ सालों में लोग परंपराओं की ओर लौटे हैं। इसके कारण मिट्टी और बांस से बनी चीजों की खरीदी बढ़ गई है। नवरात्रि के पहले दिन भारी संख्या में लोगों की भीड़ दुकान में रहती है। मिट्टी और बांस से बनी वस्तुएं 40 से 300 रुपए के दाम में उपलब्ध है।





### नवरात्रि के लिए श्रृंगार सामग्री से सजे दुकान

सुंदर नगर स्थित एक दुकान संचालक मीनाक्षी जैन ने बताया, नवरात्रि के लिए चुनरी, माता का श्रृंगार, माला, डिजाइनर दीपक व पूजन सामग्री दुकान में मौजूद है। पितृपक्ष के पहले ही थोक व्यापारियों से खरीदी की जाती है। नवरात्रि के नौ दिन दुकान में खरीदारों की भीड़ रहती है। इस वर्ष सजावटी दीपक दुकान में लाया गए हैं, जिसे मोती, स्टोन व रंगों से सजाया गया है।

### दो माह पूर्व ही ऑर्डर

नवरात्रि के पावन अवसर का इंतजार श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। शहर के चौक-चौराहों में पंडाल की व्यवस्था की जा रही, साथ ही लाइटिंग भी की जा रही है। सजावट के लिए मिट्टी के दीयों का भी प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए भी पहले से ऑर्डर दिए जा चुके हैं। दीपावली की तरह नवरात्रि के अवसर पर भी मिट्टी से बनी वस्तुओं की भारी संख्या में खरीदी की जाती है। कुम्हारों ने बताया, नवरात्रि से मिट्टी की पूजन सामग्री की खरीदारी शुरु हो जाती है। जिसमें ज्योति कलश के लिए दीपक सबसे अधिक संख्या में खरीदा जाता है। प्रत्येक वर्ष दीपक को नए तरीके से तैयार करने के लिए नए डिजाइन व रंगों का प्रयोग करते हैं। विभिन्न तरह की सजावटी वस्तुओं के माध्यम से उसे सजाया जाता है। एक दीपक की कीमत 20-50 रुपए तक है।

### पितृपक्ष खत्म होते ही खरीदारी शुरु

रायपुरा निवासी दुकान संचालक कस्तूरी ने बताया, बीते कई वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी बांस की लकड़ियों से पर्रा, सुपा और टोकरी बनाने का कार्य कर रहे हैं। घर पर वस्तुओं का निर्माण कर बाजार में बेचते हैं। पितृपक्ष के समाप्त होने के पश्चात ही नवरात्रि के लिए टोकरी की खरीदी की जाती है। बीते 4-5 सालों से छोटी टोकरी व अन्य वस्तुओं की खरीदारी बड़ी संख्या में की जा रही है। दुकान में 20 रुपए से 500 रुपए तक की वस्तुएं उपलब्ध हैं। नवरात्रि के दिनों में पंडाल व घर जंवारा के लिए बांस की टोकरी की जरुरत होती है। कई आकार में इसे तैयार किया गया है।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से करें इन्हें जानने का प्रयास

# पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव व जागरूकता के अभाव में हम भूल रहे महान विभूतियों को

रायपुर। लोकमाता आहिल्याबाई होलकर के 300वीं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बेसिक साइंस डिपार्टमेंट में किया गया। अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई सांस्कृतिक जागरण की अग्रदूत थीं। उन्होंने मध्यभारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत के तीर्थों के जीर्णोद्धार में सहयोग कर तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश की अनेक महान विभूतियां हैं, जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता और जागरूकता न होने के कारण विस्मृत कर दिया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से इन्हें जानने का प्रयास करना है। देवी अहिल्याबाई ऐसी वीरांगना है, जिन्होंने आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन के लिए सुविधाएं बढ़ाई। भारतीय पर्यटन, नदी संरक्षण को बढ़ावा दिया।



### भारत की विभूतियों से सीखें छात्र

मूलविज्ञान के निदेशक प्रो. कल्लोल के घोष ने कहा कि छात्र भारत की विभूतियों को जानें और उनके प्रेरणादायक कार्यों से सीखें। यह हमारी विरासत का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भानुश्री गुप्ता ने किया। प्रो.बीएस ठाकुर, प्रो.व्यास दुबे, डॉ.जीके देशमुख सहित सीबीएस के शिक्षकगण, शोधार्थी, छात्र-छात्रएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वैधव्य के उपरांत किया अपने राज्य का नेतृत्व

मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, राजमाता होलकर का जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने स्त्री शिक्षा, उत्थान, सैन्य व्यवस्था सहित नागरिक जीवन से अपराध कम करने के लिए विशेष नीति अपनाई। वे समाज सेवा के लिए समर्पित रहीं। अहिल्याबाई का जीवन कठिन संघर्षों से भरा था, जिन पर उन्होंने जीत हासिल की और लोकमाता की उपलब्धि प्राप्त की। युवावस्था में वैधव्य के उपरांत उन्होंने अपने राज्य का नेतृत्व किया। इंदौर से निकलकर उन्होंने तत्कालीन समय में मंदिर, घाट, बावड़ी, कुंओं का निर्माण करवाया।

# जिले में अब एआई तकनीक से होगी टीबी मरीजों की पहचान, घूमेगी वैन

रायपुर। टीबी मरीजों की पहचान के लिए अब ट्रू नॉट, माक्रोस्कोप, सीबीनॉट जैसी पुरानी जांच पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। एआई तकनीक के माध्यम से फेफड़ों की जांच होगी और कुछ समय में ही रिपोर्ट मिल जाएगी। एआई तकनीक से लैस वैन रायपुर जिले में अलग-अलग स्थान पर जाकर जांच करेगी। मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अपनी जांच कराकर इस योजना की शुरूआत की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा काफी समय पहले इस योजना पर काम शुरू किया था और बड़ी संख्या में मशीन खरीदकर इसका वितरण विभिन्न जिलों में किया था। संबंधित स्टाफ को इसकी जानकारी देने के बाद टीबी मरीजों की जांच काम प्रारंभ किया गया है। इस तकनीक की मदद से एक मिनट से भी कम समय में फेफड़े के इंफेक्शन के बारे में जानकारी मिल जाएगी और मरीज रिपोर्ट के आधार पर अपनी जांच प्रारंभ करवा सकेंगे।



**एक मिनट से भी कम समय में मिलेगी जांच रिपोर्ट**

### 1400 मरीज गोद लिए गए

कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत उपचार अवधि में निःशुल्क पोषण आहार का वितरण किया। एनजीओ द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी के 200 मरीजों को उपचार अवधि के दौरान पोषण आहार का निःशुल्क वितरण किया गया। एनजीओ के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर आदित्य शर्मा ने 1400 मरीजों को गोद लेने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सीबीएसई द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा अब 15 दिसंबर को

# केंद्रीय पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव, अधिक संख्या में मिले आवेदन तो दो दिनों तक चलेंगे पर्चे, ऐसा पहली बार

कार्नर न्यूज

रायपुर। सीबीएसई ने सीटीईटी अर्थात सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट की तारीख में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया है। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की डेट बढ़ा दी गई है। सीटेट पहले 1 दिसंबर को होने वाली थी, लेकिन अब 15 दिसंबर को 2 शिफ्ट में होगी। सीटीईटी की पहली शिफ्ट सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। बताया जा रहा है कि प्रशासनिक कारणों से सीटीईटी परीक्षा डेट बढ़ाई गई है। सीबीएसई सीटीईटी के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की लास्ट डेट 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सीबीएसई सीटीईटी रजिस्ट्रेशन फॉर्म 16 अक्टूबर को रात 11:59 बजे से पहले जमा करना होगा।


### पैरेंट्स के लिए नोटिस, सावधानी से भरें फॉर्म



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए छात्रों के पंजीकरण के साथ-साथ कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करने के संबंध में अभिभावकों को एक नोटिस जारी किया है। नोटिस में अभिभावकों को कहा गया है कि परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सही डेटा जमा करना आवश्यक है। बोर्ड द्वारा इस संदर्भ में आवश्यक अधिसूचना आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। सीबीएसई ने कहा कि जिन अभिभावकों के बच्चे नवमी से बारहवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं, उनके लिए सही व्यक्तिगत विवरण और प्रस्तावित विषयों को प्रस्तुत करना उनके बच्चे के भविष्य और परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### प्रशासनिक कारणों से तिथि में बदलाव

कैंडिडेट्स सीबीएसई सीटीईटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर नोटिस चेक कर सकते हैं। सीबीएसई के रिवाइज्ड नोटिफिकेशन में कहा गया है कि अगर किसी शहर में ज्यादा उम्मीदवार होंगे तो वहां परीक्षा 14 दिसंबर को भी आयोजित की जा सकती है। सीटीईटी ऑफिशियल नोटिस में लिखा है, प्रशासनिक कारणों से परीक्षा को 15 दिसंबर को री-शेड्यूल किया जा रहा है। अगर किसी शहर में उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है, तो परीक्षा 14 दिसंबर को भी आयोजित की जा सकती है।



### नहीं होगा विषय सुधार

आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं के लिए एलओसी जमा करने के बाद कोई विषय सुधार नहीं किया जाएगा। यदि कोई अनुरोध किया जाता है तो उसे केवल पूरक परीक्षा के लिए माना जाएगा। ऐसे छात्र मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने या न होने का निर्णय ले सकते हैं। हालांकि, परिणाम बोर्ड के परीक्षा नियमों के अनुसार घोषित किए जाएंगे। इसलिए, उपरोक्त समस्याओं से बचने के लिए, सीबीएसई ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि पंजीकरण के वक्त दी गई जानकारी को भरते वक्त सावधानी रखें।

### संक्षिप्त नाम भरने की मनाही

सीबीएसई ने पंजीकरण के वक्त बच्चों के संक्षिप्त नाम भरने से मना किया है। सीबीएसई ने कहा कि यदि आपका बच्चा विदेशों में पढ़ने की योजना बना रहा है तो उपनाम अवश्य दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह कई देशों में आवश्यक है। जन्मतिथि सभी प्रकार से सही होनी चाहिए। यदि आपके बच्चे को पासपोर्ट जारी किया गया है, तो डेटा जमा करते समय पासपोर्ट में दिए गए विवरण की भी जांच की जा सकती है। अभिभावकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे स्कूल जाएं और पंजीकरण तथा एलओसी समय पर जमा करने में शाला प्रबंधन का सहयोग करें, क्योंकि एक बार तिथि समाप्त हो जाने के बाद कोई तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट छत्तीसगढ़ कप 27 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ कप 2024 (महिला वर्ग) का आयोजन 27 सितंबर से किया जा रहा है।प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनमें छत्तीसगढ़ रेड, छत्तीसगढ़ ब्लू, आंध्र प्रदेष, केरल, बंगाल एवं तमिलनाडु की महिला टिमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता टी-20 फार्मेट में खेली जायेगी। सभी मैच आर.डी.सी.ए. मैदान, तेलीबांधा रायपुर में खेले जायेंगे।

इनमें 27 सितंबर को आंध्र प्रदेश बनाम केरल सुबह 9 बजे और छत्तीसगढ़ रेड बनाम तमिलनाडु सुबह 10 बजे, 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ ब्लू बनाम बंगाल सुबह 9 बजे और केरल बनाम तमिलनाडु दोपहर 1 बजे से, 29 सितंबर को छत्तीसगढ़ ब्लू बनाम छत्तीसगढ़ रेड सुबह 9 बजे और आंध्र प्रदेश बनाम बंगाल दोपहर एक बजे से, 30 सितंबर को केरल बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू सुबह 9 बजे से, एक अक्टूबर को आंध्र प्रदेश बनाम तमिलनाडु सुबह 9 बजे से और छत्तीसगढ़ रेड बनाम बंगाल दोपहर एक बजे से, 2 अक्टूबर को तमिलनाडु बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू सुबह 9 बजे से और छत्तीसगढ़ रेड बनाम आंध्र प्रदेश दोपहर एक बजे से, 3 अक्टूबर को बंगाल बनाम केरल सुबह 9 बजे से और आंध्र प्रदेश बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू दोपहर एक बजे से और 4 अक्टूबर को तमिलनाडु बनाम बंगाल सुबह 9 बजे तथा छत्तीसगढ़ रेड बनाम केरल दोपहर एक बजे से होगा। इसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल मैच 6 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से खेला जायेगा। सभी मैचों का सीधा प्रसारण डिजिटल चैनल पर किया जाएगा।

### .सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ विजेता



**रायपुर।** पुदुच्चेरी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस मल्टी स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 18 सिंतबर जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच मंगलवार को पुदुच्चेरी में विदर्भ सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ सीनियर वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 116 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 32 रन बनाये। साथ ही सलोनी ने 25 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से कंचन नागवानी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ सीनियर वुमेंस की टीम 18.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। विदर्भ की ओर से भारती ने सर्वाधिक 33 रनों योगदान दिया तथा शिवानी ने 23 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से सलोनी, उर्मिला, ऋतु मेश्राम तथा कृति गुप्ता ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने 23 रनों से मैच जीत लिया।

### तैराकी में रविवि यूटीडी ओवर ऑल चैंपियन



**रायपुर।** अंतर महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता ( महिला एवं पुरुष) का आयोजन गुरुकुल महिला महाविद्यालय की ओर से मंगलवार को किया गया। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से 7 सदस्यो ने टीम मे भाग लिया। जिसमे नेहा सारवा ने चार गोल्ड मेडल, सुरेंद्र ने चार गोल्ड मेडल, मनोज ने चार गोल्ड मेडल , नवदीप ने एक गोल्ड मेडल एवं तनुजा ने एक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महिला वर्ग के कुल 17 इवेंट में 5 गोल्ड मेडल के साथ महिला टीम टॉप पर रही साथ ही पुरुष वर्ग 17 इवेंट में 7 गोल्ड मेडल के साथ टॉप पर रहा। इस प्रकार कुल 12 गोल्ड मेडल के साथ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (यूटीडी) ओवरऑल चैंपियन रही 1

### आज विश्व फेफड़ा दिवस, जागरुकता सबसे बड़ी जरूरत

# ऑफिस में बैठे-बैठे भी हो सकते हैं फेफड़ों की बीमारियों के शिकार, जान लीजिए इसकी वजह

फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां चिंताजनक हैं क्योंकि इसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लंग्स कैंसर वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जो हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है अगर सभी लोग अपने जोखिमों पर ध्यान देते हुए इससे बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

शोध बताते हैं कि धूम्रपान फेफड़ों की ज्यादातर बीमारियों के लिए प्रमुख कारण है। फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 80% मौतें धूम्रपान से ही संबंधित पाई जाती हैं। इसी तरह से वायु प्रदूषण, विशेषतौर पर इनडोर प्रदूषण भी इस महत्वपूर्ण अंग के लिए खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं, बाहरी प्रदूषण की तरह खराब इनडोर वायु गुणवत्ता भी फेफड़ों की गंभीर समस्याओं, अस्थमा-ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आपके घर-ऑफिस में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं है तो ये फेफड़ों के लिए नुकसानदायक स्थिति हो सकती है। ऑफिस में बैठे-बैठे भी आप फेफड़ों के रोग के शिकार हो सकते हैं। फेफड़ों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम को लेकर हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड लंग्स डे यानी विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। आइए इनडोर प्रदूषण और इसके कारण होने वाली दिक्कतों को समझते हैं।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अमित प्रकाश बताते हैं, खराब या लो-वेंटिलेशन वाली जगहों पर हवा में 100 गुना अधिक सूक्ष्म कण हो सकते हैं। इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों में संक्रमण जैसे निमोनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ये शरीर पर तत्काल प्रभाव भी पैदा कर सकते हैं जैसे कि आंखों, नाक और गले में जलन, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं से परेशान रोगियों में इनडोर प्रदूषण लक्षणों को और भी खराब कर सकती है।

### वेंटिलेशन की कमी खतरनाक

ज्यादातर ऑफिस कांच के शीशों और एयर कंडीशन से पैक होते हैं, लिहाजा इमारतों में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था का अभाव हो सकता है। इसकी वजह से बंद कमरों में ताजी हवा नहीं आ पाती और न ही अंदर की हवा बाहर जा पाती है। इस तरह की स्थितियों में न सिर्फ श्वसन संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है, साथ ही इससे दीर्घकालिक तौर पर फेफड़ों को भी क्षति पहुंच सकती है। चूंकि अधिकतर लोग अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में ही बिताते हैं, ऐसे में इनमें फेफड़ों की समस्याओं का जोखिम और अधिक हो सकता है।



### किन्हें इसका खतरा अधिक?

डॉक्टर बताते हैं, लंग्स कैंसर वाले कई मरीज जो सिगरेट नहीं पीते थे, उनकी हिस्ट्री जानने के दौरान पता चला कि या तो उनमें सेकेंड हैंड स्मोकिंग या फिर इनडोर प्रदूषण के कारण ये समस्या विकसित हुई। वैसे तो इनडोर प्रदूषण के कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम किसी को भी हो सकता है। पर जो लोग अधिकतर समय बंद कमरों या ऑफिस में बिताते हैं या फिर पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के शिकार हैं उनमें जटिलताएं अधिक देखी जाती हैं। बच्चों का भी ज्यादातर समय स्कूल में बीतता है, इसकी वजह से इनडोर वायु प्रदूषण के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का जोखिम इनमें भी अधिक हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की सलाह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 11% मौतें इनडोर वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसरकारी तत्वों के कारण होती।

## तेल में तलकर नहीं, भाप से पकाएं पूड़ी

पूड़ी खाने का मन है, लेकिन कोलेस्ट्रॉल की चिंता है। तेल में फ्राई पूड़ी अनहेल्दी तो होती है। अगर हम आपको बगैर तेल के पूड़ी बनाने के तरीके बताएं, तो क्या कहेंगे? आइए आप भी ये ट्रिक्स सीख लीजिए। मुझे पूड़ी सब्जी, पूड़ी-छोले, पूड़ी- कद्दू की सब्जी, शॉर्ट में कहूं तो पूड़ी खाना बहुत पसंद है। मगर अक्सर मन मार लेती हूं। दरअसल, पूड़ी तेल में डीप फ्राई होती है और आटा तेल को इतने अच्छे से अब्सॉर्ब कर लेता है कि उंगलियों में भी तेल की चिपचिपाहट रह जाती है। ऐसे में ऑयली पूड़ी खाने के डर से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का डर मुझे रहता है।



**पूड़ी को भाप में पकाएं :** तेल रहित पूड़ी बनाने के लिए भाप में पकाना एक अपरंपरागत तरीका लगेगा, लेकिन यह प्रभावी तरीका है। हालांकि, उनमें पारंपरिक कुरकुरापन नहीं होगा, लेकिन भाप में पकाई गई पूड़ी फिर भी फूल जाएंगी और उनकी सॉफ्टेनेस बरकरार रहेगी।
**क्या करें :** आटे को हमेशा की तरह अच्छी तरह गूंथकर लोइयां बनाएं। इसके बाद, गोल आकार में बेल लें। स्टीमर तैयार करें और उसमें रोल की गई पूड़ी को रखें। ध्यान रखें कि वे एक-दूसरे से छिपके बिल्कुल भी नहीं। फूलने तक 5-7 मिनट तक भाप में पकाएं। इसके लिए ट्रांसपेरेंट लिड का इस्तेमाल करें, ताकि आपको पूड़ी फूलते हुए दिखाई दें। जैसे-जैसे पूड़ी फूले, उन्हें तुरंत प्लेट में निकाल लें।

## राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ टीम रोहतक रवाना

**रायपुर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं हरियाणा बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में 43वी सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024-25 बालक एवं बालिका का आयोजन रोहतक हरियाणा के आर्मी पब्लिक स्कूल में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन बालक एवं बालिका टीम 23 सितंबर दुर्ग से रोहतक के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव वाय राजा राव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन सब जूनियर टीम में चयनित खिलाड़ी बालक टीम में जयचंद (धमतरी), पुष्कर (धमतरी), डेमन कुमार (धमतरी), दीपक कोसरे (बस्तर), नरेश कश्यप (बस्तर), सुमित सिंह ठाकुर (कबीरधाम), किशन आयुष यादव (बिलासपुर), भारत नायक (दुर्ग), धलेंद्र कुमार यादव (महासमुंद) कोच सूरज नायक मैनेजर भोज राज, बालिका टीम- उर्मिला बघेल (बस्तर), रागिनी नाग (बस्तर), वसुंधरा कश्यप (बस्तर), तेजस्वानी (धमतरी), चेतना (धमतरी), तृप्ति ठाकुर (कबीरधाम), आकांशा ध्रुव (बिलासपुर), अदिति गावेल (रायगढ़), गीतांजलि साहू (महासमुंद), मिली मुखर्जी (दुर्ग) कोच रमेश सिंह (बस्तर), मैनेजर पूनम निषाद (बस्तर) आदि शमिल है।





## कहीं आप भी तो नहीं हो रहे घोस्टिंग के शिकार

घोस्टिंग यह ऐसा शब्द है जो हाल ही में प्रचलन में आया है। आपने अपने दोस्तों के मुंह से इस शब्द का उच्चारण सुना होगा, पर बहुत से लोग आज भी यह नहीं जानते हैं कि आखिर यह घोस्टिंग है क्या ? दरअसल, जब कोई व्यक्ति अचानक और बिना खास वजह के आपसे दूर होने लगे और आपको इग्नोर करने लगे तो इसे घोस्टिंग कहते हैं।

कई बार घोस्टिंग के मामले मेंटल हेल्थ से जुड़े होते है, क्योंकि बहुत से लोगों में रिश्ता स्वीकारने की हिम्मत नहीं होती, जिस वजह से भी वह घोस्टिंग का सहारा लेकर अपने पार्टनर को इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में अक्सर मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं अपनी जिंदगी में घोस्टर्स को जगह नहीं देनी चाहिए। अगर आप यह सोच रहे हैं कि आप भी घोस्टिंग के शिकार हो रहे हैं, तो यहां कुछ संकेत हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं। यदि इन संकेतों के जबाव हां मिल रहा है, तो तुरंत उस व्यक्ति से दूरी बनाएं।

### अचानक बात कर दे बंद

हर किसी में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनसे नियमित रूप से बातचीत होती है। ऐसे में अगर वही व्यक्ति बिना किसी वजह से अचानक बात करना बंद कर दे तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।

### मैसेज का जबाव न देना

कोई व्यक्ति इतना व्यस्त नहीं होता, कि वो एक मैसेज का जवाब न दे पाए। ऐसे में यदि आपका भेजा हुआ संदेश सीन करके छोड़ दिया जाए, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि आप घोस्टिंग का शिकार हो रहे हैं।



### योजनाओं को बार-बार टालना

यदि सामने वाला व्यक्ति बार-बार मिलने या बात करने की योजनाओं को टालता रहता है और बिना किसी वैध कारण के बार-बार बहाने बनाता है, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपका रिश्ता या दोस्ती घोस्टिंग की ओर बढ़ रही है। ऐसे में आपको संभलने की जरूरत है।

### सोशल मीडिया पर अनुपस्थिति

सोशल मीडिया पर तो आजकल हर कोई एक्टिव रहता है। ऐसे में अगर सामने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया पर सक्रिय है, लेकिन आपके संदेशों का उत्तर नहीं दे रहा है या आपके पोस्ट को अनदेखा कर रहा है, तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।

### दोस्तों या परिचितों से भी दूरी

अगर आप किसी कॉमन फ्रेंड्स या परिचितों के माध्यम से उस व्यक्ति के बारे में जानने की कोशिश करते हैं और वे भी आपसे दूरी बनाते हैं, तो यह घोस्टिंग का एक और संकेत हो सकता है। क्योंकि सामने वाला हर किसी को ये पहले से ही बोल देता है कि आपको किसी तरह की जानकारी न दी जाए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

सेल सेल सेल सेल सेल
कंबल सिंगल 90/- 135/- 200/-
कंबल डबल 250/- चालू
कम्फर्टर सिंगल 300/- चालू
कम्फर्टर डबल 450/-चालू
फैंसी चादरें डबल सैट 160 चालू
सिंगल चादरे 85/- चालू
चादरें 9X9 सैट 400/- 500/- 600/-
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

ॐ सांई कार्पोरेशन
आकर्षक डील्स पाएं
0% DOWN PAYMENT
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन Mob.: 7722928239

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

करन मोटर्स
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
• लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
• 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
• ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
MODULAR KITCHEN Galaxy NX
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR
₹55,000 ₹95,000 ₹1,50,000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'मेगालोपोलिस' का न्यूयॉर्क में हुआ प्रीमियर, रॉबर्ट ने की ट्रंप पर चर्चा



अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म 'मेगालोपोलिस' का प्रीमियर 23 सितंबर, को न्यूयॉर्क के एएमसी लिंकन स्क्वायर में हुआ। इस अवसर पर फिल्म की स्टारकास्ट के अलावा कई मशहूर हस्तियां नजर आईं। डी नीरो ने अपनी फिल्म के बारे में चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी चर्चा की। 'मेगालोपोलिस' फ्रांसिस फोर्ड कोपोला द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित 2024 की अमेरिकी विज्ञान ड्रामा फिल्म है। इसका प्रीमियर न्यू यॉर्क में 23 सितंबर को हुआ। इसके प्रीमियर के दौरान रॉबर्ट के अलावा डस्टिन हॉफमैन, क्लो फाइनमैन, ऑब्रे प्लाजा, फ्रांसिस फोर्ड कोपोला और नथाली इमैनुएल मौजूद थे। प्रीमियर के दौरान फिल्म के अलावा रॉबर्ट ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी चर्चा की। 'मेगालोपोलिस' एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसे डी नीरो ने 20 सालों में तैयार किया है। इस फिल्म में शहरी जीवन, राजनीति और समाज की जटिलताओं को दिखाया गया है। प्रीमियर के दौरान, डी नीरो ने बताया कि यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है साथ ही उनके लिए एक गहरी अनुभव पेश करती है। फिल्म के प्रीमियर में प्रसिद्ध निर्देशक स्पाइक ली भी मौजूद थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिल्में केवल मनोरंजन करने के लिए नही होती हैं बल्कि वे समाज की सच्चाइयों को उजागर करने के लिए होती हैं। 'मेगालोपोलिस' फिल्म में एडम ड्राइवर, जियानकार्लो एस्पोसिटो, नथाली इमैनुएल, ऑब्रे प्लाजा, शिया लाबेयोफ, जॉन वोइट, लॉरेंस फिशबर्न, टालिया शायर, जेसन श्वार्टजमैन, कैथरीन हंटर, ग्रेस वेंडरवाल, क्लो फाइनमैन, जेम्स रेमर, डीबी स्वीनी और डस्टिन हॉफमैन ने अभिनय किया है।

## टॉलीवुड

### विदेश में भी जूनियर एनटीआर का जलवा प्रभास के बाद मिली खास उपलब्धि



जूनियर एनटीआर की देवराः पार्ट 1 इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म को लेकर फैंस में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। तीन दिन बाद यानी 27 सितंबर, 2024 को यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। कई भाषाओं में रिलीज होने जा रही इस फिल्म के लिए दीवानगी केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी देखने को मिल रही है। विदेश में एडवांस बुंकिग के मामले में जूनियर एनटीआर ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल, जूनियर एनटीआर की लगातार दो फिल्में प्री-सेल में 20 लाख डॉलर से अधिक की कमाई कर चुकी हैं। ऐसा कारनामा करने वाले वह दूसरे भारतीय अभिनेता बन चुके हैं।

इससे पहले प्रभास ने सलार और कल्कि 2898 एडी की प्री सेल्स की वजह से यह रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया था। देवरा की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन कोरतल्ला शिवा ने किया है। इसमें जूनियर एनटीआर के अलावा जान्हवी कपूर भी हैं। फिल्म में सैफ अली खान विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इसका दूसरा ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस ट्रेलर की जमकर तारीफ की थी। इस फिल्म में श्रीकांत, प्रकाश राज, मुरली शर्मा, शाइन टॉम चाको और गेटअप श्रीनू जैसे शानदार कलाकार भी हैं। अनिरुद्ध रविचंदर इस फिल्म को अपने संगीत से सजाया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो जूनियर एनटीआर इन दिनों प्रशांत नील के साथ एक फिल्म में काम करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

## भोजपुरी

### 'लॉटरी' के ट्रेलर ने उड़ाया गर्दा, 9 घंटे में ढाई लाख व्यूज



इस वक्त भोजपुरी फिल्म 'लॉटरी' की चर्चा है, जिसका ट्रेलर मंगलवार को रिलीज होते ही छा गया है। मात्र 9 घंटे में ही यह ढाई लाख से ज्यादा बार देखा चुका है। फैंस भी तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि धीरू यादव भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को बदलकर मानेंगे। धीरू यादव ने ही 'लॉटरी' को डायरेक्ट किया है, जबकि रत्नाकर कुमार प्रोड्यूसर हैं। 'लॉटरी' के ट्रेलर में खतरनाक चेज और एक्शन सीन्स देखने को मिले हैं, जिन्होंने फैंस को मुरीद बना लिया है। माही श्रीवास्तव का खौफनाक और निडर अंदाज हैरान कर रहा है। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ कॉमेडी और रोमांस का भी डोज देखने को मिलने वाला है। 'लॉटरी' का ट्रेलर देख फैंस हैरान, कर रहे तारीफ 'लॉटरी' का ट्रेलर देख फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, 'भोजपुरी में ऐसी ही बढ़िया मूवी की जरूरत है।' एक और फैन का कमेंट है, 'लगता है धीरू भाई भोजपुरी इंडस्ट्री को बदलकर मानेंगे।' एक अन्य फैन ने लिखा है, 'भोजपुरी सिनेमा में एक अलग पहल, ऐसी ही फिल्मों की जरूरत है।'लॉटरी' को लेकर रत्नाकर कुमार ने बताया था कि यह एक अनोखी कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के साथ एक नई सोच भी देगी। साथ ही बताया था कि इस फिल्म में उन्होंने कई नई तकनीकों का इस्तेमाल किया है।

## बैचलर फैशन

लाइफ स्टाइल



अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'बैचलर' में दर्शकों को शानदार फैशन का नजारा देखने को मिलता है। ढेर सारे चमकीले हार और चटख रंगों में किरदार उभर कर सामने आते हैं। यहां सारे किरदार आधुनिक फैशन के ढंग सिखाते नजर आते हैं। दुनिया भर के डिजाइनर इनके कपड़ों की तारीफ से खुद को रोक नहीं पाते हैं।

## हैवी झुमके की ये डिजाइंस आपके एथनिक लुक की बढ़ा देंगे शान

सजने-संवरने आप जो भी आउटफिट पहन रही हैं, उसके साथ केवल केवल एक अच्छी डिजाइन वाली झुमकी पहन लें। इससे आपके एथनिक लुक को एक नया आयाम भी मिल जाएगा और आपको इसके लिए बहुत ज्योदा महनत भी नहीं करनी होगी।

### प्रेशियस स्टोन वाले झुमके की डिजाइंस

प्रेशियस स्टोन वाले झुमके हर महिला के ज्वेमलरी कलेक्शआन का हिस्सा् होते ही हैं। इन झुमकों को आप किसी भी आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। बेस्टव बात तो यह है कि इन झुमको को पहनने के बाद आपका लुक बहुत ही एलिगेंट लगता है। आप इन झुमको को किसी भी अवसर पर किसी भी तरह के आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। झुमके की ये डिजाइंस न सिर्फ आपके आकर्षण को बढ़ाती हैं, बल्कि आपकी खूबसूरती में चार चांद भी लगाती हैं।

### जरकन स्टोन वाले झुमके

जरकन स्टोन वाले झुमके हमेशा से ही ट्रेंड का हिस्साढ रहे हैं। इस तरह के झुमके में आपको बाजार में बहुत सारी वेराइटी मिलेंगी। बेस्टज बात तो यह है कि आप किसी भी तरह के हैवी और लाइट वेट वाले आउटफिट्स के साथ इन्हेंट कैरी कर सकती हैं। बेस्टो बात तो यह है कि आपको इन झुमकों में लाइट और हैवी वेट वाली डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी। वैसे तो जरकन में आपको कलर्स भी मिल जाएंगे, मगर आप पर्ल और स्टों स के कॉम्बिनेशन वाले झुमके यदि खरीदती हैं, तो वो आपके लुक्सग में एलिगेंस को जोड़ देते हैं।



### पर्ल झुमके की डिजाइंस

पर्ल झुमके हमेशा से क्लासिक और टाइमलेस रहे हैं। इनकी सादगी और एलिगेंस आपको हर अवसर पर खूबसूरत बनाती है। पर्ल झुमकों में आपको एक से बढ़कर एक डिजाइंस मिल जाएंगी। इसमें आपको लटकन, झालर और झूमर आदि सब मिल जाएगा। आप इस तरह के झुमके को फेस्टिवल्सग में सिंपल कुर्ती के साथ भी कैरी करेंगी, तब भी आपको लुक बेमिसाल लगेगा।

### ऑक्सीडाइज झुमके की डिजाइंस

ऑक्सीडाइज झुमके एथनिक लुक को एक नया अंदाज देते हैं। इनकी डार्क फिनिश और कारीगरी आपको एक अलग और विशिष्ट पहचान देती हैं। यह आमतौर पर चांदी के होते हैं और इनकी पॉलिश इन्हेंक ऑक्सी डइाज लुक देती है।

## चाहती हैं न्यू लुक तो वियर करें ये मल्टी कलर सूट, देखें डिजाइंस



फैशन

अगर आप त्यौहारों या खास मौकों पर अपनी शानदार मौजूदगी जताना चाहती हैं तो न्यू लुक के लिए लेटेस्ट डिजाइन वाले मल्टी कलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। कई सारे मौकों पर महिलाएं सूट पहनना पसंद करती हैं। दरअसल, सूट में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं इस आउटफिट में वो स्टाइलिश भी नजर आती हैं। बाजार में आपको कई सारे डिजाइंस से लेकर पैटर्न वर्क वाले सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप कई सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं। अगर आप त्यौहारों या धार्मिक पूजा में शामिल रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इन मल्टीकलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इस तरह के सूट में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



### मिरर वर्क सूट

इस तरह का मिरर वर्क सूट खास मौके पर पहनने के लिए बेस्ट है और इस सूट में काफी खूबसूरत नजर आएंगी। इस सूट में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही ये मल्टीकलर में है। इस तरह के सूट को आप 2,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस सूट के साथ मिरर वर्क या चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के मिरर वर्क सूट का भी चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

यह एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट भी इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इस सूट में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा। इस सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप चोकर या पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### सीक्विन वर्क सूट

यह सीक्विन वर्क सूट भी दुर्गा पूजा के मौके पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस सूट में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट को आप 2,000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

## काली पीठ को चकाचक करने में मदद करेंगी ये चीजें, त्वचा दिखेगी साफ-सुथरी

मौसम चाहे कैसा भी खूबसूरत त्वचा पाने के लिए सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए केवल चेहरे ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य जगहों को भी साफ-सुथरा रखना जरूरी होता है। ज्यादातर हम टैनिंग के कारण हुए त्वचा के कालेपन को लेकर परेशान रहते हैं।

सही तरीके से साफ-सफाई न करने के कारण भी शरीर में टैनिंग के कारण डार्कनेस आ सकती है। ऐसे में अक्सर पीठ की त्वचा का रंग काला पड़ने लगता है। तो आइये जानते हैं कैसे करें काली पीठ की घरेलू चीजों से सफाई करने का तरीका-

### खीरे को त्वचा पर लगाने के फायदे क्या हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।



### मुल्तानी मिट्टी को स्किन पर लगाने से क्या होता है?

टैनिंग हटाने में मददगार साबित होता है। नेचुरल तरीके से स्किन व्हाइटनिंग ट्रीटमेंट की तरह काम करता है। त्वचा को साफ-सुथरा बनाने का काम करता है।

### गुलाब जल को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?

यह त्वचा का पीएच लेवल बरकरार रखने में सहायता करता है।डार्क स्पॉट्स कम करने में मदद साबित होता है।स्किन के पोर्स को साफ कर इन्हें मिनीमाइज करने का काम करता है।

## इन तेल की मदद से स्किन से जुड़ी हर समस्या होगी कम, जानें इसका इस्तेमाल

बदलते मौसम के दौरान स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। दरअसल, स्किन केयर नहीं करने पर जहां स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं तो, वहीं स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है। ऐसे में स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। वहीं अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो इस तरह स्किन को ज्यादा केयर करने की जरूरत है। वहीं जिन भी महिलाओं की स्किन सेंसिटिव हैं वो आपकी त्वचा की केयर करने के लिए नारियल तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकती है।

### त्वचा के लिए फायदेमंद है नारियल तेल

नारियल तेल कई सारे गुणों से भरपूर है और ये सभी गुण सेहत के साथ-साथ चेहरे के लिए भी फायदेमंद हैं। नारियल तेल में फाइबर, कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है और ये सभी गुण त्वचा की केयर करने के लिए उपयोगी हैं। इसी के साथ नारियल तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने का भी काम करता है।

**दाग-धब्बों को समस्या को दूर करने में मददगार है टी ट्री ऑयल:** टी ट्री ऑयल में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी स्किन की केयर करने के लिए बेहद ही उपयोगी हैं। टी ट्री ऑयल में एंटी इंफ्लेमेटरी एंटी फंगल व एंटी बैक्टीरियल गुण जो चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।



### इस तरह करें इस्तेमाल

एक कांच कटोरी ले।नारियल तेल को हल्का गर्म कर लें। इसमें टी ट्री तेल मिक्स करें।इस मिश्रण को चेहरे पर अप्लाई करें।हल्के हाथों से मसाज करें।

## कार्नर न्यूज

फेशियल हेयर को किसी फैशन स्टेटमेंट से कम नहीं माना जाता है आज

## ट्रेंडी बॉलीवुड बियर्ड को जानिए, इससे यूथ को मिलेगा बेहद शानदार लुक

*किसी व्यक्ति की उपस्थिति को शानदार बनाने और ट्रेडिशनल इमेज को तोड़ने की क्षमता फेशियल हेयर में है। एक सलीकेदार और अच्छी तरह से तैयार की गई दाढ़ी एक साधारण पोशाक को भी उभार दे सकती है। जबकि, बेतरतीब और लापरवाही से मेंटेन की गई बियर्ड स्टाइलिश पोशाक को भी खराब कर सकती है। ये बियर्ड के बढ़ते जोर का ही असर है कि, आज बियर्ड प्रोडक्ट्स का कारोबार एक अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है।*

*आज बियर्ड प्रोडक्ट्स में बियर्ड ऑयल से लेकर सीरम तक मौजूद हैं। इन प्रोडक्ट्स का कब्जा अब छोटे जनरल स्टोर में भी दिखने लगा है। एक समय में मेंस ग्रूमिंग के नाम पर केवल शेविंग फोम और एक रेजर ही मौजूद हुआ करता था।*

### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत चतुर्वेदी, इन दिनों 'हैवी स्ट्बल' लुक को मेंटेन कर रहे हैं। जोया अख्तर की फिल्म 'गली बॉय' में एमसी शेर के रूप में डेब्यू करने के बाद, सिद्धार्थ चतुर्वेदी लगातार एक के बाद एक फिल्मों को हासिल कर रहे हैं। यहां तक कि उनकी स्टाइल और ब्यूटी में भी समय के साथ बदलाव और काफी हद तक सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए, आप उनकी बियर्ड स्टाइल को ही लें। चूंकि सिद्धांत के बाल घुंघराले होते हैं, इसलिए वह नहीं चाहते थे कि उनकी दाढ़ी भी घुंघराली ही डेवलप हो। साथ ही वह इससे पूरी तरह छुटकारा नहीं पाना चाहते थे।नतीजतन, उन्होंने एक हैवी स्ट्बल का विकल्प चुना, जो एक स्क्रूफ और फुल बियर्ड के बीच में कहीं है। यह एक बेहद आला दर्जे की और केयर फ्री बियर्ड स्टाइल है।




### रितिक रोशन

बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले रितिक इन दिनों 'स्क्रफ' स्टाइल बियर्ड लुक को मेंटेन कर रहे हैं। बिना किसी शक, रितिक रोशन देश के सबसे अच्छे दिखने वाले पुरुषों में से एक हैं। हाल ही में, अमेरिका की एक एजेंसी ने उन्हें पिछले साल वर्ल्ड में मोस्ट हैंडसम मैन का खिताब दिया था। कोई भी स्टाइल जो वह मेंटेन करते हैं, कुछ ही समय में ट्रेंड में आ जाती है। यही कारण है कि, कहो ना प्यार है से लेकर उनकी लेटेस्ट फिल्म तक ये जादू बना हुआ है। वर्तमान में, रितिक एक लाइट स्क्रफ बियर्ड को मेंटेन कर रहे हैं। इस लुक को पाने में केवल कुछ दिनों तक ही बियर्ड को बढ़ाना पड़ता है। इस बियर्ड को मेंटेन करने के लिए बहुत ज्यादा बढ़ाना नहीं पड़ता है। ये स्किन के भी काफी करीब रहती है।

### वरुण धवन

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों 'बाल्बो बियर्ड' मेंटेन कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं। दूल्हे के रूप में, उन्होंने सुनिश्चित किया कि वह उस पार्टी में सबसे अच्छे दिखाई दें। उनके चेहरे पर खुशी की प्राकृतिक चमक के अलावा, यह उनके बाल थे जो उन्हें ऐसा करने में मदद करते थे। द स्टूडेंट ऑफ द ईयर स्टार ने अपनी शादी के कुछ दिन पहले ही बाल्बो बियर्ड मेंटेन करना शुरू किया था।